उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

प्रश्न बैंक

कक्षा–12

विषय : हिन्दी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

संयोजक
श्री महेश कुमार वाधवानी
प्रधानाचार्य एवं संरक्षक
रा.से.आ.पोद्दार मूक–बधिर उ.मा. संस्थान,
जयपुर

लेखकः
श्री निर्मल कुमार गुप्ता
वरिष्ठ अध्यापक (हिन्दी)
रा.से.आ.पोद्दार मूक–बधिर उ.मा. संस्थान,
जयपुर

सह संयोजकः
श्रीमती सुष्मिता गिल
वरिष्ठ अध्यापक (गणित)
रा.से.आ.पोद्दार मूक–बधिर उ.मा. संस्थान,
जयपुर

श्रीमती सुशीला चौधरी
वरिष्ठ अध्यापक (हिन्दी)
रा.से.आ.पोद्दार मूक–बधिर उ.मा. संस्थान,
जयपुर

2017

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

कक्षा – 12

अनिवार्य हिन्दी

पाठ्यक्रम विभाजन

क्र.सं.	अधिगम क्षेत्र	अंक
1.	अपठित बोध	16
2.	व्यावहारिक व्याकरण एवं रचना (पत्र, निबंध, परिभाषिक शब्दावली)	14
3.	पाठ्यपुस्तक सृजन (पठित गद्यांश, पद्यांश, प्रश्न)	32
4.	पाठ्यपुस्तक – पीयूष प्रवाह	10
5.	संवाद सेतु (फीचर, रिपोर्ट, आलेख)	08
	योग	80

खण्ड – 1

अपठित बोध	(16 अंक)	अंक
(क) अपठित गद्यांश	(2 अंक x 4 प्रश्न)	8
(ख) अपठित पद्यांश	(2 अंक x 4 प्रश्न)	8

खण्ड – 2

व्यावहारिक व्याकरण एवं रचना

(क) निबन्ध लेखन	(1 x 8 अंक)	8
(ख) पत्र लेखन(विकल्प सहित)	(1 x 4 अंक)	4
(ग) पारिभाषिक शब्दावली	(2 x 1 अंक)	2
		14

खण्ड – 3

पाठ्यपुस्तक सृजन

(क) 1 पठित गद्यांश	(2 x 4 प्रश्न)	8
(ख)1 पठित पद्यांश	(2 x 4 प्रश्न)	8
(ग) एक कवि या लेखक परिचय (विकल्प सहित	(4 x 1 प्रश्न)	4
(घ) एक निबंधात्मक प्रश्न (विकल्प सहित)	(4 x 1 प्रश्न)	4
(ड़) चार लघुत्तरात्मक प्रश्न	(2 x 4 प्रश्न)	8
(2 गद्य से 2 पद्य से) विकल्प सहित		32

खण्ड – 4

पाठ्यपुस्तक – पीयूष प्रवाह (द्वितीय पुस्तक) **10 अंक**

(क) 5 लघूत्तरात्मक प्रश्न (विकल्प सहित) 5X2 10 अंक

खण्ड – 5

संवाद सेतु – 08 अंक

(क) फीचर लेखन (3 विकल्प सहित) 4 अंक

(ख) आलेख अथवा रिपोर्ट लेखन (3 विकल्प) 4 अंक

अनुक्रमाणिका

1. पाठ्यपुस्तक सृजन के प्रश्नोत्तर
2. पाठ्यपुस्तक पीयूष प्रवाह के प्रश्नोत्तर
3. पठित पद्यांश
4. पठित गद्यांश
5. अपठित पद्यांश
6. अपठित गद्यांश
7. निबंध, पत्र लेखन, संवाद सेतु
8. कवि/लेखक परिचय
9. पारिभाषिक शब्दावली

मॉडल प्रश्न – पत्र

कक्षा – 12

अनिवार्य हिन्दी

समय 4.15 घण्टे पूर्णांक : 80

सामान्य निर्देश

खण्ड :– 1

1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– (उत्तर सीम 20 से 30 शब्द) 8 अंक

मेरी–भूमि तो है पुण्यभूमि वह भारती,
सौ नक्षत्र–लोक करें आके आप आरती।
नित्य नये अंकुर असंख्य वहाँ फूटते,
फूल झड़ते हैं, फल पकते हैं, टूटते।
सुरसरिता ने वहीं पाई हैं सहेलियाँ,
लाखों अठखेलियाँ, करोड़ों रंगरेलियाँ।
नन्दन विलासी सुरवृन्द, बहु वेशों में,
करते विहार हैं हिमाचल प्रदेशों में।
सुलभ यहाँ जो स्वाद, उसका महत्त्व क्या ?
दुःख जो न हो तो फिर सुख में है सत्त्व कया ?
दुर्लभ जो होता हे, उसी को हम लेते हैं,
जो भी मूल्य देना पड़ता है, वही देते हैं।
हम परिवर्तनमान, नित्य नये हैं तभी,
ऊब ही उठेंगे कभी एक स्थिति में सभी।
रहता प्रपूर्ण है हमारा रंगमंच भी,
रूकता नहीं है लोक नाट्य कभी रंच भी।

1. हिमाचल प्रदेश की क्या विशेषता बताई गयी है?
2. कवि ने पुण्य भूमि किस कहा है ?
3. पृथ्वीवासियों को 'नित्य नये' क्यों कहा गया है ?
4. 'दुःख' शब्द का विलोम बताइये।

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

गाँधीजी के अनुसार शिक्षा शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है। वे 'बुनियादी शिक्षा' के पक्षधर थे। उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की निःशुल्क एंव अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए जो उसके आस–पास की जिन्दगी पर आधारित हो; हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए, रोजगार दिलाने के लिए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाए तथा नैतिक एवं आध्यत्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो।

गाँधीजी के उक्त विचारों से स्पष्ट है कि वे व्यक्ति और समाज के सम्पूर्ण जीवन पर अपनी मौलिक दृष्टि रखते थे तथा उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक एवं राजनीतिक आन्दोलनों में भाग लेकर भारतीय समाज एवं राजनीति में इन मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की। गाँधीजी की सारी सोच भारतीय परम्परा की सोच है तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति और सम्पूर्ण राष्ट्र वास्तविक स्वतन्त्रता, सामाजिक सद्भाव एवं सामुदायिक विकास को प्राप्त कर सकता है। भारतीय समाज जब–जब भटकेगा तब–तब गाँधीजी उसका मार्गदर्शन करने में सक्षम रहेंगे।

1. गाँधीजी के अनुसार प्रत्येक बच्चे को किस प्रकार की शिक्षा दी जानी चाहिए ?
2. गाँधीजी की सोच किस प्रकार की सोच है?
3. 'सामाजिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय बताइए।
4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

खण्ड :– 2

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए। 8 अंक
   1. राष्ट्रीय स्वच्छता आभियान
   2. प्लास्टिक थैली – पर्यावरण की दुश्मन
   3. बाल विवाह – एक अभिशाप
   4. राष्ट्रीय एकता
4. आप गणित विषय के छात्र है, अतिरिक्त कक्षाओं हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। 4 अंक

अथवा

विद्यालय में खेल मैदान की व्यवस्था हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

5. निम्नाकिंत शब्दों मे से कोई दो शब्दों का उच्चारण एवं हिन्दी रूपान्तरण लिखिए। 2 अंक
   1. Ability
   2. Agree
   3. Balance
   4. Election
   5. Guest

खण्ड :– 3

6. निम्नलिखित पठित पद्यांश को घ्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए

मधुकर। हाँसि समुझाय, सौंह दै बूझति साँच, न हाँसी।।
को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी।।
कैसो बरन, भेस है कैसो, केहि रस में अभिलाषी।।
पावैगो पुनि कियो आपनो जो रे। कहैगो गाँसी।।
सुनत मौन ह्वै रह्यो ठग्यापे सो सुर सबै मति नासी।।

1. प्रस्तुत पद्य किस कवि द्वारा रचित है?

2. गोपियाँ उद्वव से क्या प्रश्न पूछ रही है?

3. गोपियो के प्रश्न सुनकर उद्वव का क्या स्थिती हुई?

4. प्रस्तुत काव्याश मे से माता एवं पिता के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

7. बाजार मे एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रुप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा हैं। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमन्त्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है! मालूम होता है यह भी लूँ वह भी लूँ सभी सामान जरुरी और आराम को बढ़ाने वाल मालूम होता है पर यह सब जादू का असर है।

   1. जादू किस की राह काम करता है?

   2. जादू का असर कब रहता है?

   3. बाजार जाने पर मन खाली हे तो क्या होता है?

   4. चुम्बक का जादू किस पर काम करता है?

8. निम्नलिखित में से किसी एक कवि या लेखक का परिचय लिखिए

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द) 4 अंक

(1) कबीर

(2) सूरदास

(3) जैनेन्द्र

(4) पूर्ण सिंह

8. श्रम के महत्व पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द) 4 अंक

अथवा

शमशेर बहादुर सिंह की 'उषा' कविता का प्रकृति वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

9. पठित कविताओं की विषयवस्तु के आधार पर निम्नाकिंत में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दीजिए (शब्द सीमा 20 से 30 शब्द)

(अ) कबीरदास ने संगति का क्या प्रभाव बताया है ? (2)

(ब) गोपियों को उद्धव का योग संदेश किसके समान लग रहा है? (2)

(स) भूषण ने अंधेरे पर किसका अधिकार बताया है ? (2)

(द) कवि स्नेह सुरा का पान कैसे करता है ? (2)

10. पठित विषयवस्तु के आधार पर निम्नाकिंत में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

2X2 = 4 अंक

(अ) लेखक के अनुसार बाजार का जादू किस तरह काम करता है ?

(ब) क्रोध और भय में क्या अतंर है ?

(स) लेखक पूर्णसिंह ने किन – किन व्यक्तियों को साधू कहा है ?

(द) ऊबी और निम्मों से किसे चिढ़ थी?

खण्ड :– 4

11. पठित पाठों की विषय वस्तु के आधार पर निम्नाकिंत में से किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए 2x5 = 10 अंक

(अ) सूबेदारनी ने स्वप्न में लहनासिंह से क्या कहा ? अपने शब्दो में लिखिए

(ब) शान्ति निकेतन में गाँधी जी पहली बार किनसे मिले ?

(स) गौरा के पुत्र का क्या नाम रखा गया ?

(द) राज भगत अपने साथ किसको लेकर आए ?

(य) महाकालेश्वर मंदिर कहाँ स्थित है ?

(र) देवनारायण को किसका अवतार माना जाता है ?

(ल) 'खेजडली' गाँव की इमरता देवी का बलिदान किस कारण हुआ ? लिखिए।

खण्ड :– 5

12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए :–(80 से 100 शब्द) 4 अंक

(1) मेरा प्रिय खेल

(2) बस्ते का बढता बोझ

(3) दहेज प्रथा

13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रिपोर्ट लिखिए– (80 से 100 शब्द) 4 अंक

(1) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(2) शैक्षिक भ्रमण

(3) गणतन्त्र दिवस

पाठ्य पुस्तक सृजन के प्रश्न

पाठ–1

संतवाणी

लघुत्तरात्मक –1

1. हंस के उदाहरण से कवि क्या शिक्षा देना चाहता है?
2. 'मोल करो तलवार का पड़ा रहने दो म्यान' से क्या तात्पर्य है?
3. कबीर दास ने संगति का क्या प्रभाव बताया है?
4. ईश्वर प्राप्ति में बाधक अवगुण कौन–कौन से बताये गये है?
5. तुलसीदास के अनुसार इन्द्रियों की सार्थकता किससे संभव है?
6. कविता के अनुसार मनुष्य के जीवन में संगति का क्या प्रभाव पड़ता है?
7. तुलसीदास द्वारा रचित मुख्य ग्रन्थ कौनसा है?
8. जगत को वश में करने का क्या उपाय बताया गया है?
9. ''नदी नाव संजोग'' द्वारा तुलसी ने संसार में जीने का क्या तरीका बताया?
10. ''पर जलती निज पाय, रती न सूझै राजिया'' पंक्ति का भाव लिखिए?

पाठ–2

सूरदास (भ्रमरगीत से चयनित पद)

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. सूरदास की भक्ति किस भाव की मानी जाती है?
2. सूरदास ने आंखो को किसके लिए भूखी बताया है?
3. उद्धव ठगा सा क्यों रह गया?
4. गोपियों ने उद्धव से क्या प्रश्न पूछे?
5. गोपियों को उद्धव का संदेश किसके समान लग रहा है??
6. भ्रमर गीत के अनुसार गोपियों की मनोदशा लिखिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

7. भ्रमरगीत के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी लिखिए।
8. सूरदास का जीवन परिचय लिखिए।

पाठ–3

नीति के दोहे–रहीम

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. रहीम का पूरा नाम लिखिए।
2. रहीम के काव्य की प्रमुख विशेषता लिखिए।

3. विपति में धन किस तरह लुप्त हो जाता है?

4. रहीमदास ने सज्जन व्यक्ति के रुठ जाने पर भी बार–बार मनाने की बात क्यों कही है?

5. रहीम जी ने संगति का फल कैसे बताया है?

6. थोथे बादर क्वार के.....पाछिली बात।'' दोहे का भाव लिखिए।

7. रहिमन देख बड़ेन को.....कहा करे तलवारी'' दोहे का भाव लिखिए।

निबंधात्मक प्रश्न

8. मान सहित विष खाय.....राहु कटायों सीस'' दोहे की अर्न्तकथा लिखिए।

पाठ–4

बिहारी सतसई से कुछ पद–बिहारी

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. बिहारी द्वारा रचित काव्य का नाम लिखिए।
2. ''बिहारी सतसई में किस रस की प्रधानता है?
3. किस लालच में गोपियां श्रीकृष्ण की मुरली छिपा लेती है?
4. श्री कृष्ण के आगमन पर मोर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करते है?
5. 'गागर में सागर '' भरने वाले कवि किन्हे कहा गया है?
6. कवि बिहारी का परिचय दीजिए।
7. बिहारी ने चित की गति कैसी बताई?

पाठ–5

वीररस के कवित–भूषण

1. चतुरंग सेना से क्या तात्पर्य है?
2. कवि किसकी भुजाओं पर धरती का भार मानता है?
3. भूषण के संकलित छंदो मे कौनसा रस और गुण है?
4. कवि भूषण की दो रचनाओं के नाम लिखिए।
5. कवि भूषण की प्रस्तुत कविता में किस वीर की गाथा लिखी गई है।
6. भूषण ने अंधेरे पर किसका अधिकार बताया?
7. सहस्त्रबाहु पर किसने विजय प्राप्त की?
8. वितुण्ड पर किसका अधिकार होता है?

निबंधात्मक प्रश्न

9. संकलित कविता के आधार पर सिद्व कीजिए की भूषण वीर रस के कवि थे।
10. वीर शिवाजी का शत्रुओं पर आधिपत्य कैसा बताया गया है?

पाठ–6

उषा कविताः– शमशेर बहादुर सिंह

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. शमशेर बहादुर सिंह किस प्रकार के कवि के रुप में विख्यात थे?
2. 'उषा कविता' में किसका वर्णन है?
3. भोर का आकाश किसके समान नीला था?
4. कवि ने नभ को राख से लीया हुआ चौका क्यों कहा है?
5. 'उषा का जादू टूटने का क्या तात्पर्य है?
6. 'उषा कविता में कवि का क्या संदेश है?
7. उषा कविता की प्रमुख शिल्पगत विशेषता लिखिए।
8. 'लाल केसर' तथा ला खड़िया ' के माध्यम से कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?

निबंधात्मक प्रश्न

9. शमशेर बहादुर सिंह की 'उषा कविता का प्रकृति वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

पाठ–7

आत्म–परिचय, एक गीतः– हरिवंश राय बच्चन

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. कवि हरिवंश राय बच्चन की प्रमुख काव्य रचनाओं के नाम लिखिये।
2. कवि हरिवंश राय बच्चन किस काल के कवि थे?
3. कवि ने जीवन के लिए किसे आवश्यक माना है?
4. कवि स्नेह–सुरा का पान कैसे करता है?
5. 'जग जीवन का भार' से क्या तात्पर्य है?
6. कवि ने स्वयं को दीवाना क्यो कहा है?
7. 'निज के उदगार और उपहार से कवि का क्या तात्पर्य है?
8. शीतल वाणी में आग– के होने का क्या अभिप्राय है?

निबंधात्मक प्रश्न

9. आत्म परिचय कविता का भावार्थ लिखिए।

पाठ–8

कविता के बहाने, बात सीधी थी परः– कुंवर नारायण

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. कविता के बहाने– कविता की तुलना किससे सार्थक मानी गई है?
2. 'कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने– का क्या अभिप्राय है?
3. 'सब घर एक कर देने के माने बच्चा ही जाने– का क्या आशय है?

4. कविता के बहाने शीर्षक कविता का क्या उद्देश्य है?

5. बिना मुरझाये कौन महकता है और क्यो?

6. 'बात सीधी थी पर' कविता में कवि किस बात पर बल देता है।

निबंधात्मक प्रश्न

7. भाषा के चक्कर में सीधी बात टेडी हो जाती है। समझाइए।

पाठ–9

मेरा नया बचपनः सुभद्रा कुमारी चौहान

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. कवयित्री को बार–बार किसकी याद आती है?
2. कवयित्री को बचपन में आंसू के मोती आज कैसे लगते है?
3. कवयित्री की बिटिया कवयित्री को क्या खिलाना चाह रही है?।
4. बचपन का जीवन कैसा होता है?
5. 'किलकारी किल्लाल मचा कर सूना घर आबाद किया''पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।
6. 'नैन नीर–युत दमक उठे' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

निबंधात्मक प्रश्न

7. 'मेरा नया बचपन' कविता का सांराश लिखिए।
8. बचपन की क्या–क्या विशषेताएं ऐसी है जो हमे आज भी याद आती है।

गध खण्ड

पाठ–10

भयः आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. साहसी व्यक्ति कठिनाई में फंस जाने पर क्या करते है?
2. भय क्या है?
3. क्रोध और भय में क्या अंतर है?
4. भय–भीरुता में कब बदल जाता है?
5. ऐसी कौनसी भीरुता है जिसकी प्रशंसा होती है?
6. आशंका और भय में अंतर स्पष्ट कीजिए।
7. भय की अधिकता किसमें रहती है?
8. सभ्य और असभ्य प्राणियों के भय में क्या अंतर है?

निबंधात्मक प्रश्न

9. भय के साध्य और असाध्य दोनो रुपों को उदाहरण सहित समझाइय?

10. निर्भयता के लिए शुक्ल जी ने क्या उपाय बताए है?

पाठ–11

बाजार दर्शनः जैनेद्र

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. लेखक के अनुसार बाजार का जादू किस राह से काम करता है?
2. लेखक ने किस समय बाजार न जाने की सलाह दी है?
3. चूरन वाले भगत जी का जीवन हमें क्या शिक्षा देता है?
4. पैसे की 'परचेज' पावर से आप क्या समझते है?
5. लेखक ने बाजार की असली कृतार्थता किसमे बताईहै?
6. जो लोग बाजार का बाजारुपन बढ़ाते है, उनसे बाजार पर क्या असर पड़ता है?
7. हमें बाजार से वस्तुएं खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।
8. बाजार को सार्थकता कौन देता है?

निबंधात्मक प्रश्न

9. 'बाजार दर्शन के आधार पर आप बाजार का सही उपयोग किस प्रकार करेंगे?

पाठ–12

मजदूरी और प्रेम – पूर्ण सिंह

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. लेखक पूर्ण सिंह ने किन–किन व्यक्तियों को साधु कहा है?
2. ऐसा काम प्रार्थना, संध्या और नमाज से क्या कम है? लेखक ने किस काम की और संकेत किया है?
3. लेखक जब अनार को फुल और फल देखता है तो उसे किसकी याद आती है?
4. लेखक ने किसान को किसके समान बताया है?
5. लेखक की दृष्टि में मजदूरी का भुगतान किस रुप में किया जाना चाहिए?
6. लेखक ने किस बेघर बेनाम और बेपता कहा है और क्यों?
7. लेखक को जिल्दसाज कब याद आता है और क्यों?
8. गड़रिये जीवन पर प्रकाश डालिये।

निबंधात्मक प्रश्न

9. श्रम के महत्व पर एक निबन्ध लिखिए
10. किसान का जीवन त्याग और मेहनत का जीवन है इस पर विचार लिखिए।

पाठ–13

सफल प्रजातन्त्र के लिए आवश्यक बाते– डा0 भीमराव अम्बेडकर

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. लेखक ने प्रजातन्त्र में विरोधी पक्ष का क्या महत्व माना है
2. सतारुढ से आप क्या समझते है?
3. किसीसमय सरकार बदलते ही सरकारी कर्मचारी बदलने की प्रथा किस देश मे थी?
4. 13 अमेरिकी उपनिवेशों के बगावत के समय उनका नेता कौन था?
5. प्रजातंत्र किसे कहते है?
6. जार्ज वाशिंगटन ने तीसरी बार राष्ट्रपति बनने से इंकार क्यो कर दिया?
7. सार्वजनिक अन्तरात्मा से आप क्या समझते हे? अम्बेड़कर ने इसे किस प्रकार प्रजातन्त्र की रक्षा के लिए आवश्यक बताया?
8. इंगलैण्ड़ में विरोधी पक्ष के के लिए क्या–क्या सुविधाएँ है?
9. भारत में विरोधी पक्ष के नेता को क्या–क्या सुविधाएं प्राप्त है?
10. इंगलैण्ड़ के लोगो ने राजनीतिक कार्यालय और सिविल–कार्यालय में भेद क्यो किया?

निबंधात्मक प्रश्न

11. डा0 भीमराव अम्बेडकर के अनुसार सफल प्रजातंत्र की आवश्यक शर्ते क्या–क्या है?

पाठ–14

ठेले पर हिमालय–धर्मवीर भारती

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. नैनीताल से कौसी जाने वाली सड़क को लेखक ने कैसा बताया है?
2. लेखक का मित्र ठेले पर बर्फ देखकर खोया खोया क्यों हो गया?
3. लेखक की निराशा कब दूर हुई?
4. लेखक ने किसके मिलने पर यह कहा कि उन जैसा साथी तो सफर में पिछले जन्म के पुण्य से मिलता है?
5. शुक्ल जी के साथ दाढ़ी वाला युवक कौन था?
6. त्रिताप कौन–कौन से होते है हिमालय की शीतलता से वे दूर कैसे हो गए
7. हिमालय के पर्वतीय सौन्दर्य में स्नोफाल किस प्रकार आकर्षित करता है?
8. लेखक ने कौसानी गांव के डूबते सूरज का जो वर्णन किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए।
9. कौसानी गांव कहां बसा हुआ है?

निबंधात्मक प्रश्न

10. पर्यटन का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

पाठ–15

तौलियेः उपेन्द्रनाथ अश्क

1. सुरों और चिन्ती कौन थी?
2. सुरो और चिन्ती दिल्ली में कहां ठहरी थी?
3. ऊषी और निम्मों से किसे चिढ थी?
4. बसंत मधु की नोंक–झोंक के बीच फोन पर साहब ने क्या आदेश दिया?
5. चूहा सैदनशाह के लोगो की तन्दूरुस्ती का राज क्या था?
6. मधु अपने बचपन के वातावरण व संस्कार के बारे में नौकरानी मंगला से क्या कहती है?
7. तौलिये एकाकी में किस बारे में बताया गया है?

निबंधात्मक प्रश्न

8. मधु व बसंत में किस बात पर वैचारिक मतभेद है विस्तार से लिखिए।

पाठ–16

ममता– जयशंकर प्रसाद

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. 'ममता कहानी में मुख्य पात्र 'ममता' कौन थी?
2. चूडामणि कौन था?
3. ममता की झौपड़ी में किसने शरण ली?
4. शेरशाह ने किस युद्ध में हुमायूँ को पराजित किया था?
5. ममता की झौपड़ी के स्थान पर अष्टकोण मन्दिर किसने बनवाया?
6. ममता की झौपड़ी से जाते समय हुमायुँ ने क्या कहा था?
7. ममता ने स्वर्ण–मुद्राओ का उपहार लेने से मना क्यों कर दिया?
8. हुमायुँ कब और क्यों ममता की झौपड़ी में आश्रय के लिए आया?
9. शेरशाह ने किस प्रकार रोहतास दुर्ग पर कब्जा किया?

निबंधात्मक प्रश्न

10. 'ममता' के माध्यम से भारतीय नारी के त्याग एंव आदर्शो पर एक लेख लिखिए।

पाठ–17

मै और मै कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. लेखक के मित्र अपनी गाडियाँ कितने मे बेचने को राजी हो गया ?
2. लेखक की दृष्टि में कौशल जी अद्भुत क्यो थे?
3. लेखक के मित्र श्री कौशल जी की अपराजित वृति का क्या रहस्य था?
4. कौशल जी का प्रेस क्यो फेल हो गया?

5. पांचो आदमी क्यो रो रहे थे?

6. लेखक ने किन लोगो को पशु कहा?,

7. शेखसादी ने अपने बेटे को घर पर सोते रहने के लिए क्यों कहा?

8. कौशल जी की पुस्तकों का प्रकाशन बन्द क्यो हो गया?

9. कौशल जी पहली बार असफल कब हुए?

निबंधात्मक प्रश्न

10. कौशल जी ने कौन–कौन से व्यापार किए?

11. हमारा हमारे प्रति क्या अधिकार है?

प्रश्न बैक

अंक भार 10

पीयूष प्रवाह

अध्याय :– 1 उसने कहा था

1. पलटन का विदूषक किसे माना जाता था ?
2. सूबेदारनी के चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए।
3. 'उसने कहा था' कहानी का नायक कौन है?
4. सूबेदारनी ने लहना सिंह से स्वप्न में क्या कहा ? अपने शब्दों में लिखिए
5. 'उसने कहा था' कहानी के नायक लहना सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए

अध्याय 2 सत्य के प्रयोग

1. 'शान्ति निकेतन' में गांधी जी पहली बार किनसे मिले ?
2. 'आहार–नीति' पुस्तक में किनके विचारों का वर्णन है ?
3. शान्ति निकेतन में बरतन मॉजने वाली टुकड़ी थकान उतारने के लिए क्या करती थी?
4. गोखले ने गांधीजी को क्या प्रतिज्ञा करवाई ?
5. बेल साहब ने गांधी के जीवन को किस तरह प्रभावित किया ?

अध्याय :– 3 गौरा

1. 'गाय करूणा की कविता है' उक्त कथन किसका है?
2. स्वस्थ पशु के रोमों की क्या विशेषता होती है ?
3. गाय का महादेवी वर्मा के घर पर किस तरह स्वागत किया गया ? अपने शब्दों में लिखिए
4. 'गौरा' को मृत्यु से बचाने के लिए लेखिका ने क्या–क्या प्रयास किए। संक्षेप में लिखिए।
5. लेखिका ने किस समस्या के समाधान के लिए ग्वाले को नियुक्त किया ?

अध्यायः– 4 मानस का हंस

1. राजा भगत अपने साथ किसको लेकर आए?
2. रत्नावली ने तुलसीदास से किस रचना की प्रति मांगी ?
3. विदाई के समय भिक्षा के रूप में रत्नावली ने क्या विनती की?
4. तुलसीदास ने रत्नावली को काशी में रहने की अनुमति क्यों नहीं दी ?
5. राजा भगत का तुलसीदास से मिलने का क्या उद्देश्य था ? वे कहॉ तक सफल रहे ?

अध्याय :– 5 कुछ ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

1. महाकालेश्वर मंदिर कहाँ स्थित है ?
2. विजय स्तंभ किसका प्रतीक है ?
3. अजंता की गुफाओं की संख्या बताइये।
4. लेखक ने चित्तौड़गढ की धूलि को बार–बार मस्तक से क्यों लगाया ?
5. अजंता एलोरा व एलीफेन्टा की गुफाओं का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

अध्याय :– 6 राजस्थान के गौरव

1. देवनारायण को किसका अवतार माना जाता है ?
2. 'सर सांटे रूँख रहे तो भी सस्ता जाण' – पंक्ति का अर्थ बताइए।
3. संत जम्भेश्वर को दिव्य ज्ञान कहाँ प्राप्त हुआ ?
4. सूरजमल की राष्ट्रीय भावना से संबंधित किन्हीं दो घटनाओं को लिखिए।
5. 'खेजडली गाँव की इमरता देवी का बलिदान किस कारण हुआ ? लिखिए।

पठित पद्यांश

(1)

निर्गुन कौन देस को बासी?

मधुकर। हाँसि समुझाय, सौंह दै बूझति साँच, न हाँसी।।
को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी।।
कैसो बरन, भेस है कैसो, केहि रस में अभिलाषी।।
पावैगो पुनि कियो आपनो जो रे। कहैगो गाँसी।।
सुनत मौन ह्वै रह्यो ठग्यापे सो सुर सबै मति नासी।।

1. प्रस्तुत पद्य किस कवि द्वारा रचित है?
2. गोपियाँ उद्धव से क्या प्रश्न पूछ रही है?
3. गोपियो के प्रश्न सुनकर उद्धव का क्या स्थिती हुई?
4. प्रस्तुत काव्याश मे से माता एवं पिता के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(2)

बिन गोपाल बैरिन भई कुँजै।

तब ये लता लगति अति सीतल, अब भई विषम ज्वाल की पुँजैं।।
बृथा बहति जमुना, खग बोलत, बृथा कमल फूलैं अलि गुँजै।।
पवन, पानि, घनसार, संजीवनि दधिसुत किरन भानु भई भुँजैं।।
ए,ऊधो, कहियो माधव सों, बिरह करद करद मारत लुँजैं।।
सूरदास प्रभु को मग जोवत, अँखियाँ भई बरन ज्यौं गुँजैं।।

1. कृष्ण के बिना बृज में क्या स्थिती हुई?
2. गोपियाँ उद्धव से क्या कह रही है?
3. लताओं की पहले और अब की स्थिती की तुलना कीजिए।
4. पद्यांश में 'गोपाल' किसे कहा गया है?

(3)

साजि चतुरंग सेन अंग में उमंग धारि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं।
'भुषण' भन्त नाद बिहत नगरन के,
नदी–नद मद गैबरन के रलत है।
ऐल फैल खैल भैल खलक में गैल–गैल,
गजन की ठैल पैल सैल उसलत है।
तारा सो तरनि धूरिधारा मैं लगत जिमि,
थारा पर पारा पारावार यो हलत हैं।।

1. प्रस्तुत काव्यांश में किसकी वीरता का बखान है?

2. प्रस्तुत काव्यांश किस कवि द्वारा रचित कविता से लिया गया है?
3. 'ऐल फैल खैल भेल' पंक्ति में कौनसा अलंकार है?
4. शिवाजी कहाँ चले है?

(4)

तेरे हीं भुजानि पर भूतल कौ भार,
कहिबै कौं सेषनाग दिगनान हिमाचल है।
तेरौ अवतार जग–पोषन– भरनहार,
कछु करतार कौ न ता मधि अमल है।
साहि–तनै सरजा समथ्थ सिवराज कवि
भूषन कहत जीवौ तेरो ही सफल है।
तेरौ करबाल करै म्लेच्छन कौ काल
बिन काज होत काल बदनाम धरातल है।।

1. किसकी भुजाओं पर धरती का भार है?
2. धरातल बदनाम क्यों है?
3. मलेच्छ शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
4. कवि भूषण ने किसका जीवन सफल बताया है।

(5)

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसें
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या ला खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने।

1. प्रातः काल का नभ कैसा लग रहा है?
2. चौका किससे लीपा हुआ है?
3. स्लेट पर क्या मला हुआ है?
4. प्रस्तुत पंद्याश में किसका वर्णन है?

(6)

मै निज उर के उद्गार लिए फिरता हूँ,
मैं निजत उर के उपहार लिए फिरता हूँ
है यह अपूर्ण संसार न मुझको भाता
मै स्वप्नों का संसार लिए फिरता हूँ!

मै जला ह्रदय में अग्नि, दहा करता हूँ,
सुख–दुख दोनो में मग्न रहा करता हूँ
जग भव–सागर तरने को नाव बनाए,
मै भव–मौजों पर मस्त बहा करता हूँ!

1. कवि क्या लिए फिरता है?
2. कवि सुख–दुख में कैसे रहता है?
3. कवि को संसार क्यो नही माता?
4. प्रस्तुत काव्यांश किस कवि द्वारा लिखित है?

(7)

मै रोया, इसको तुम कहते हो गाना,
मैं फूट पड़ा, तुम कहते, छंद बनाना,
क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाए,
मैं दुनिया का हूँ, एक नया दीवाना!
मै दीवानों का वेश किए फिरता हूँ,
मैं मादकता निःशेष लिए फिरता हूँ
जिसको सुनकर जग झूम उठे, लहराए,
मैं मस्ती का संदेश लिए फिरता हूँ!

1. जग किसको सुनकर झूम उठता है?
2. प्रस्तुत पद्य में कवि किसका वेश लिए फिरता है?
3. कवि किसका संदेश लिए फिरता है?
4. प्रस्तुत पद्य में से संसार का समानार्थी शब्द लिखिए।

(8)

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने?

1. कविता, चिड़िया के बहाने क्या है?
2. चिड़िया क्या नही जानती?
3. प्रस्तुत काव्यांश किस कवि द्वारा लिखित?
4. प्रस्तुत काव्यांश मे से 'बाहर' का विलोम शब्द लिखिए।

(9)

बात सीधी थी पर एक बार

भाषा के चक्कर में
जरा टेढी फँस गई।
उसे पाने की कोशिश में
भाषा को उलटा पलटा
तोड़ा मरोड़ा
घुमाया फिराया
कि बात या तो बने
या फिर भाषा से बाहर आए–
लेकिन इससे भाषा के साथ साथ
बात और भी पेचीदा होती चली गई।

1. बात कैसी थी?
2. बात टेढ़ी कैसे फँसे गई?
3. भाषा के साथ क्या–क्या किया गया?
4. भाषा के साथ बात कैसी हो चली?

(10)

आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
जोर जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी।
हार कर मैनें उसे कील की तरह
उसी जगह ठोंक दिया।
ऊपर से ठीक ठाक
पर अन्दर से
न तो उसमें कसाव था
न ताकत!
बात ने, जो एक शरारती बच्चे की तरह
मुझसे खेल रही थी,
मुझे पसीना पोंछते देख कर पूछा–
''क्या तुमने भाषा को
सहुलियत से बरतना कभी नहीं सीखा?''

1. आखिरकार क्या हुआ?
2. लेखक ने कील की तरह किसे ठोक दिया?
3. बात ने लेखक से क्या पूछा?
4. प्रस्तुत पद्यांश का भाव लिखिए।

पठित गद्यांश

(1)

बाजार मे एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रुप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा हैं। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमन्त्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है! मालूम होता है यह भी लूँ वह भी लूँ सभी सामान जरुरी और आराम को बढ़ाने वाल मालूम होता है पर यह सब जादू का असर है।

1. जादू किस की राह काम करता है?
2. जादू का असर कब रहता है?
3. बाजार जाने पर मन खाली हे तो क्या होता है?
4. चुम्बक का जादू किस पर काम करता है?

(2)

बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता ह। और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते है, अपनी 'पर्चेजिंग पावर के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति– शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते है, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते है। वे लोग बाजार का बाजारुपन बढ़ाते है। जिसका मतलब हैं कि कपट बढ़ाते है। कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर मे सद्भाव की घटी।

1. बाजार को सार्थकता कौन देता है?
2. बाजार का बाजारुपन कौन बढ़ाते है?
3. 'बाजारुपन' बढ़ाने से क्या मतलब है?
4. 'पंर्चेजिंग पावर' के गर्व में लोग बाजार को क्या देते हैं?

(3)

मै समझता हूँ, कि ''प्रजातन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि समाज नैतिक नियमों का पालन करे। कुछ ऐसा हुआ है कि राजनीतिशास्त्र के आचार्यो ने शायद प्रश्न के इस पहलू पर कभी विचार ही नहीं किया है। उनकी दृष्टि में नीतिपरायण' होना एक बात है और 'राजनीति' दूसरी। आप 'राजनीति'सीख सकते है, लेकिन 'नीति के विषय में कोरे अज्ञानी बने रह सकते है, मानो 'राजनीति' बिना 'नीति के ही सफल हो सकती हो। मुझे तो यह एक आश्चर्य में डालने वाली स्थापना मालूम देती है।

1. प्रजातंत्र की सफलता के लिए क्या आवश्यक हे?
2. राजनीति शास्त्र के आचार्यो किस पहलू पर विचार नहीं किया?
3. सफलता शब्द का विलोम लिखिए।
4. गद्यांश का उचित शीर्षक बताइये।

(4)

''सुडौल पत्थरों पर कल–कल करती हुई कोसी, किनारे के छोटे–छोटे सुन्दर गांव और हरे मखमली खेत। कितनी सुन्दर है सोमेश्वर की घाटी! हरी भरी। एक के बाद एक बस स्टेशन पड़ते थे, छोटे–छोटे पहाड़ी डाकखाने, चाय की दुकानें और कभी–कभी कोसी या उसमें

गिरने वाले नदी–नालों पर बने हुए पुल। कहीं–कही सड़क निर्जन चीड़ के जंगलो से गुजरती थी। टेढ़ी–मेढ़ी ऊपर–नीचे रेंगती हुई कंकरीली पीठ वाले अजगर–सी सड़क पर धीरे–धीरे बस चल जा रही थी। रास्ता सुहावना था और उसे थकावट के बाद उसका सुहावनापन हमें भी तंद्रालस बना रहा था।''

1. सोमेश्वर घाटी का सौन्दर्य लिखिए।
2. तन्द्रालस से क्या तात्पर्य है?
3. बस धीरे कहां पर चल रही थी?
4. रास्ता कैसा था?

(5)

''स्वच्छता बुरी नही, न सुरुचि बुरी है,पर तुम तो हर चीज को सनक की हद तक पहुंचा देती है, और सनक से मुझे चिढ़ है। (फिर कमरे में घूमने लगता है न बदल पाऊँ? या गलत तौलिया ले लूँ तो इसका यह मतलब तो नही मै स्वभाव से गन्दा हूँ और मेरे इस स्वभाव पर तुम्हें मुँह फुलाकर बैठ जाना या अपनी विषैली हंसी बिखेरना चाहिए।''

1. बसन्त को किससे चिढ़ है?
2. बसन्त ने किसे बुरा नही बताया है?
3. गद्यांश में से जहरीली शब्द का समानार्थ शब्द लिखिए।
4. मुँह फुलाकर बैठना मुहावरे का अर्थ लिखिए।

रोहितास दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता शोण के तीक्ष्ण गम्भीर प्रवाह को देख रही है। ममता विधवा थी। उसका जीवन यौवन शौषण के समान ही उमड़ रहा था। मन में वेदना, मस्तक में आंधी, आंखो में पानी की बरसात लिये, वह सुख के कंटक–शयन में विफल थी। वह रोहितास–दुर्गपति के मंत्री चूडामणि की अकेली दुहिता थी, फिर उसके लिए कुछ अभाव होना असम्भव था। परन्तु वह विधवा थी– हिन्दू विधवा संसार में सबसे तुच्छ, निराश्रय प्राणी है– तब उसकी विड़म्बना का कहां अन्त था।

1. ममता क्या देख रही थी?
2. ममता कौन थी?
3. चुडामणि कौन था।?
4. हिन्दु विधवा को इस संसार में कैसा माना गया है?

(6)

आदमियों की तिजारत करना मूखों का काम है। सोने और लोहे के बदले मनुष्य को बेचना मना है। आजकल भाप की कलों का दाम तो हजरों रूपया है; परन्तु मनुष्य कौडी के सौ–सौ बिकते हैं। सोने और चाँदी की प्राप्ति से जीवनका आनंद नहीं मिल सकता। सच्चा आनंद तो मुझे मेरे काम से मिलता है। मुझे अपना काम मिल जाय तो फिर स्वर्गप्राप्ति की इच्छा नहीं, मनुष्य–पूजा ही सच्ची ईश्वर–पूजा है। मंदिर और गिरजे में क्या रखा है? ईट, पत्थर, चूना कुछ ही कहो– ाज से हम अपने ईश्वर की तलाश मंदिर, मस्जिद, गिरजा और पोथी में न करेंगे। अब तो यही इरादा है कि मनुष्य की अनमोल आत्मा में ईश्वर के दर्शन करेंगे यही आर्ट है– यही धर्म है। मनुष्य और मनुष्य की मजदूरी का तिरस्कार करना नास्तिकता''। बिना काम बिना मजदूरी, बिना हाथ के कला–कौशल के विचार और चिंतन किस काम के। सभी देशों के इतिहासों से सिद्ध है कि नकम्मे पादरियों, मौलवीं, पण्डितों और साधुओं का, दान के अन्न पर पला हुआ ईश्वर–चिंतन अंत में पाप, आलस्य और भ्रष्टाचार में परिवर्तित हो जाता है। जिन देशों में हाथ ओर मुँह पर मजदूरी की धूल नहीं पड़ने पाती वे धर्म और कला–कौशल में कभी

उन्नति नहीं कर सकते। पद्मासन निकम्मे सिद्ध हो चुके हैं। वही आसन ईश्वर–प्राप्ति करा सकते हैं जिनसे जोतने, बोने, काटने और मजदूरी का काम लिया जाता है। लकड़ी, ईंट और पत्थर को मूर्तिमान करने वाले लुहार, बढ़ई, मेमार तथा किसान आदि वैसे ही पुरूष है जैसे कवि, महात्मा और योगी आदि। उत्तम से उत्तम और नीच से नीच काम सबके सब प्रेम–श्यारीर के अंग है।

1. मूर्खों का क्या काम है?
2. नास्तिकता क्या है?
3. कौनसे देश तरक्की नहीं कर पाते?
4. लेखक को सच्चा आनन्द किसमें मिलता है?

(7)

सच तो यह है क सिर्फ बर्फ को बहुत निकट से देख पाने के लिए ही हम लोग कौसानी गए थे। नैनीताल से रानीखेत और रानीखेत से मझकाली के भयानक मोड़ों को पार करते हुए कोसी। कोसी में एक सड़क अल्मोड़े चली जाती है, दूसरी कौसानी। कितना कष्टप्रद, कितना सूखा और कितना कुरूप है वह रास्ता। पानी का कहीं नाम–निशान नहीं, सूखे–भरे पहाड़, हरियाली का नाम नहीं। ढालों को काटकर बनाये हुए टैढ़े मेढ़े रास्ते पर अल्मोडे का एक नौसिखिया और लापरवाह ड्राईवर जिसने बस के तमाम मुसाफिरों की ऐसी हालत कर दी कि जब हम कोसी पहुँचे तो सभी के चेहरे पीले पड़ चुके थे। कौसानी जाने वाली सिर्फ हम दो थे, वहाँ उतर गए। बस अमोडे चली गई। सामने के एक टीन के शेड में काठ की बेंच पर बैठकर हम वक्ट काटते रहे। तबीयत सुस्त थी और मौसम में उमस थी। दो घण्टै बार दूसरी लॉरी आकर रूकी और जब उसमें से प्रसन्न बदन शुक्ल जील को उतरे देखा तो हम लोगों की जान में जान आई शुक्ल जी जैसा सफर का साथी पिछले जन्म के पुण्यों से ही मिलता है। उन्होंने हमें कौसानी आने का उत्साह दिलाया था ओर खुद तो कभी उनके चेहरे पर थकान या सुस्ती दीखी ही नहीं, पर उन्होंने देखते ही हमारी भी सारी थकान काफूर हो जाया करती थी।

1. लेखक कौसानी क्यों गया था?
2. कौसानी का रास्ता कैसा था?
3. लेखक को कौसानी आने के लिए किसने उत्साहित किया?
4. लेखक की जान में जान कब आई?

(8)

ताकि शासन–व्यवस्था शुद्ध बनी रहे, न्यायसंगत रहे, और राजनीति से दूर रहे, इसलिए इंगलैण्ड के लोगों ने 'राजनीतिक कार्यालय' और 'सिविल–कार्यालय' में भेद कर दिया है। 'सिविल–कर्मचारी' स्थायी रूप से बने रहतें है। कोई भी पार्टी शासनारूढ़ हो, यह सभी पार्टियों की आज्ञानुसार कार्य करने वाले होते हैं। इनके कार्य में कोई मिनिस्टर हस्तक्षेप नहीं करता। जब हमरे देश में ब्रिटेन में लोगों का शासन था, तो यहाँ भी यही बात प्रचलित थी। मुझे स्पष्ट रूप से एक अनुभव याद आ रहा है जो मुझे उस समय हुआ जब मै 'गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया' का 'मेम्बर' था। आप ध्यान देंगे तो आप देखेंगे कि लगभग हर वाइसराय के नाम दिल्ली में कोई–न–कोई 'स्ट्रीट' या क्लब है। ऐसे एक ही वायसराय या गवर्नर जनरल हैं, जिनके नाम पर कोई 'स्ट्रीट' या और कोई दूसरी संस्था नहीं है, और उस गवर्नर जनरल का नाम है लार्ड लिनलिथगो। उसका प्राइवेट सेक्रेटरी मेरा मित्र था। उस समय पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट मेरे पास था और ऐसे बहुत से काम थे जो मेरी ही देख–रेख में हो रहे थे। वह आया और धीरे से मुझे कहा– 'मेरे प्रिय डॉक्टर! क्या आप लार्ड निनलिथगों के नाम पर किसी संस्था या कार्य का नामकरण नहीं कर सकते?' उसने कहा– "यह बुरी तरह खटकता है कि सभी का नाम है। केवल उनका ही नाम नहीं है।"

1. शासन व्यवस्था को शुद्ध और न्याय संगत रखने के लिए इंगलैण्ड में क्या व्यवस्था है।
2. इंग्लैण्ड में सिविल कर्मचारियों के लिए क्या व्यवस्था है?

3. किस गवर्नर जनरल के नाम पर कोई स्ट्रट या क्लब नहीं था?
4. गद्यांश में में 'मेरे प्रिय डॉक्टर' किसके लिए लिखा गया है?

सभी आद आ गए मुझे फिर कौशल जी, जो जीवन में बार–बार असफल होकर भी थके नहीं, ऊबे नहीं और बराबर आगे बढ़ते रहे और आज ही पहली बार मेरी समझ में आया उनकी उस अपराजित वृत्ति का रहस्य। यह रहस्य – नया ताजा आरंभ। वे हारे, पर हार कर रूके नहीं और इस न रूकने में ही उनकी सफलता का रहस्य छिपा हुआ है।

मैने सोचा – मेरा अपने प्रति यह अधिकार है कि मै हार जाऊँ, थक जाऊँ, गिर पड़ूँ और भूलूँ–भटकूँ भी, क्योंकि यह सब एक मनुष्य के नाते मेरे लिए स्वाभाविक है, संभव है, पर मेरा यह कर्त्तव्य है कि मै आर कर भागूँ नहीं, थक कर बैठूँ नहीं, गिर कर गिरा ही न रहूँ और भूल–भटक कर भरमता ही न फिरूँ, जल्दी से जल्दी अपनी राह र आ जाऊँ। अपने काम में लग जाऊँ और एक नया आरंभ करूँ क्यों रूक जाना ही मेरी मृत्यु है और मरने से पहले, न मेरा अधिकार है और कर्त्तय।

1. कौशल जी की अपराजित वृत्ति का क्या रहस्य था?
2. लेख के लिए रूक जाना क्या था?
3. लेखक का क्या कर्त्तव्य था?
4. कौशल जी की सफलता का क्या रहस्य था?

अपठित पद्यांश

(1)

मेरी–भूमि तो है पुण्यभूमि वह भारती,
सौ नक्षत्र–लोक करें आके आप आरती।
नित्य नये अंकुर असंख्य वहाँ फूटते,
फूल झड़ते हैं, फल पकते हैं, टूटते।
सुरसरिता ने वहीं पाई हैं सहेलियाँ,
लाखों अठखेलियाँ, करोड़ों रंगरेलियाँ।
नन्दन विलासी सुरवृन्द, बहु वेशों में,
करते विहार हैं हिमाचल प्रदेशों में।
सुलभ यहाँ जो स्वाद, उसका महत्त्व क्या ?
दुःख जो न हो तो फिर सुख में है सत्त्व कया ?
दुर्लभ जो होता हे, उसी को हम लेते हैं,
जो भी मूल्य देना पड़ता है, वही देते हैं।
हम परिवर्तनमान, नित्य नये हैं तभी,
ऊब ही उठेंगे कभी एक स्थिति में सभी।
रहता प्रपूर्ण है हमारा रंगमंच भी,
रूकता नहीं है लोक नाट्य कभी रंच भी।

5. हिमाचल प्रदेश की क्या विशेषता बताई गयी है?
6. कवि ने पुण्य भूमि किस कहा है ?
7. पृथ्वीवासियों को 'नित्य नये' क्यों कहा गया है ?
8. 'दुःख' शब्द का विलोम बताइये।

(2)

शान्ति नहीं तक तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शान्ति राज्य करती हैं
तन पर नहीं, ह्रदय पर, नर के ऊँचे विश्वासों पर,
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।
न्याय शान्ति का प्रथम न्यास है,
जब तक न्याय न आता
जैसा भी हो, महल शान्ति का
सुदृढ़ नहीं रह पाता।

कृत्रिम शान्ति सर्शक आप
अपने से ही डरती है।
खड्ग छोड़ विश्वास किसी का
कभी नहीं करती है।

1. शान्ति का प्रथम न्यास कौनसा है ?
2. न्याय नहीं मिलने पर क्या होगा ?
3. ''कृत्रिम शब्द'' का विलोम शब्द लिखिये।
4. पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(3)

मन की बँधी उमंगें असहाय जल रही हैं,
अरमान–आरजू की लाशें निकल रही हैं।
भीगी–खुली पलों में राते गुजारते हैं,
सोती वसुन्धरा जब तुमको पुकारते है।
इनके लिए कहीं से निर्भीक तेज ला दे,
पिघले हुए अनल का इनको अमृत पिला दे
आमर्ष को जगाने वाली शिखा नयी दे,
अनुभूतियाँ ह्रदय में दाता, अनलमयी दे।

1. कौनसी उसमें असहाय जल रही है ?
2. लाशे किसकी निकल रही है?
3. श्रमिक लोग रातें कैसे गुजारते हैं ?
4. वसुन्धरा शब्द से क्या तात्पर्य है?

(4)

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे
गीत गाकर में जगाने आ रहा हूँ
अलत अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा।
अरूण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से मुड़कर सिहरते रहे तुम,
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ।
सुख नहीं यह, नींद में सपने सँजोना,
दुख नहीं यह, शीश पर गुरू भार ढोना,
शूल तुम जिसको समझते थे अभी तक,
फूल मैं उसकों बनाने आ रहा हूँ।

1. कवि ने किसे सुख और दुःख नहीं माना है?
2. 'फूल और शूल' से कवि का क्या आशय है?
3. आकाश और फूल शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए
4. गहरी नींद से कौन जगाने आ रहा है ?

(5)

कटि विन्ध्याचल सिन्धु चरण तल
महिमा शाश्वत गाता।
हरे खेत, लहरे नद निर्झर
जीवन शोभा उर्वर,
विश्व कर्म रत कोटि बाहु कर
अगणित पद ध्रुव पथ पर
प्रथम सभ्यता ज्ञाता, साम ध्वनित गुण गाथा,
जय नव मानवता निर्माता,
सत्य अहिंसा दाता।
जय हे जय हे जय है, शान्ति अधिष्ठाता
प्रयाण तूर्य बज उठे,
पटह तुमुल गरज उठे।
विशाल सत्य सैन्य, लौह भुज उठे।
शक्ति स्वरूपिणि, बहुबल धारिणि, वन्दित भारत माता।

1. भारत माता की महिमा कौन गाता है ?
2. भारत माता किस रूप में वन्दित बताई गयी है?
3. सत्य अंहिसा का दाता किसको माना गया है?
4. 'जय है जय है जय है' पंक्ति में कौनसा अलंकार है।

(6)

बैठे हुए हो व्यर्थ क्यों ? आगे बढ़ो ऊँचे चढ़ों,
है भाग्य की क्या भावना ? अब पाठ पौरूष का पढ़ो।
है सामने का ग्रास भी मुख में स्वंय जाता नहीं।
हाँ, ध्यान उद्यम का तुम्हें तो भी कभी आता नहीं।

जों लोग पीछे थे तुम्हारे बढ़ गये हैं बढ़ रहे,
पीछे पड़े तुम देव के सिर दोष अपना मढ़ रहें।
पर कर्म–तैल बिना कभी विधि–दीप जल सकता नहीं,
है दैव क्या ? साँचे बिना कुछ आप ढल सकता नहीं।

आओ, मिले सब देश–बान्धव हार बनकर देश के,
साधक बनें सब प्रेम से सुख शान्तिमय उद्देश्य के।
क्या साम्प्रदायिक भेद से है ऐक्य मिट सकता अहो,
बनती नहीं क्या एक माला विविध सुमनों की कहो।

1. जीवन में आगे बढ़ने के लिए किस भावना की जरूरत है ?
2. आपसी एकता के लिए क्या करना अपेक्षित रहती है ?
3. 'साम्प्रदायिक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय का नाम लिखिए।
4. इस काव्यांश में कवि ने किन्हें सम्बोधित किया हैं ?

(7)

नर हो, न निराश करो मन को,
कुछ काम करो, कुछ काम करो।
जग में रहकर कुछ नाम करो,
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो।
समझो, जिसमें यह व्यर्थ न हो,
नर हो, न निराश करो मन को।
सँभलो के सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला।
समझो जग को न निरा सपना,
पथ आप प्रशस्त करो अपना।
अखिलेश्वर हैं अवलम्बन को,
नर हो, न निराश करो मन को।
प्रभु ने तुमको कर दान किये,
सब वांच्छित वस्तु विधान किये।
तुम प्राप्त करो उनको न अहो,
फिर है किसका वह दोष कहो ?
समझों न अलभ्य किसी धन को,
नर हो न निराश करो मन को।

1. 'यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो' मनुष्य का जन्म किस उद्देश्य के लिए हुआ है ?
2. ईश्वर ने मनुष्य को कौनसी विशिष्ट चीज दी है ?
3. प्रस्तुत कविता में क्या संदेश निहित है ?
4. 'सुयोग' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(8)

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,

मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सु–मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
यही पशु–प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरें।।

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखण्ड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरें।
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

1. कवि किससे नहीं डरने की बात कही है ?
2. पशु–प्रवृति क्या बताई गई है ?
3. सृष्टि में किसकी किसकी कीर्ति का प्रसार होता है ?
4. 'सजीव' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(9)

ओ हिमानी चोटियों के सजग प्रहरी
तंग सूनी घाटियों के सबल रक्षक,
तू न एकाकी समझना आपको,
देश तेरे साथ अन्तिम श्वास तक।

तू सिपाही सत्य का स्वातन्त्रय का है,
न्याय का और शांति का है तू सिपाही,
प्राण देकर प्राण के ओ प्रबल प्रहरी!
जा रहा तू देश हित बलि पंथ राही!

ज कि तेरे साथ हैं इस देश का बल,
साथ तेरे देश की हर भावना है,
साथ धन जन, साथ तन मन
साथ, तेरी विजय की शुभ कामना है!

(10)

1. 'हिमानी के सजग प्रहरी' किसके लिए कहा गया है?
2. सिपाही को किसका रक्षक बताया गया है ?
3. ''जा तेरे साथ है'' सिपाही के साथ कौन है ?
4. प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक बताइये।

सावधान, मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो उसे दे फेंक, तज कर मोह स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी नादान,
फूल–काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान!
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार।
रसवती भू के मनुज का श्रेय,
यह नहीं विज्ञान कटु, आग्नेय।
श्रेय उसका प्राण में बहती प्रणय की वायु,
मनवों के हेतु अर्पित मानवों की आयु।

1. मानवता के कल्याण के लिए कवि क्या चाहता हे ?
2. कवि ने आग्नेय किसे कहा है?
3. फूल–काँटों की किसे पहचान नहीं है?
4. उपयुक्त पद्यांश का शीर्षक बताइयें।

अपठित गद्यांश

प्रश्न निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(1)

देश की सर्वांगीण उन्नति एवं विकास के लिए देशवासियों में स्वदेश–प्रेम का होना परमावश्यक हैं। जिस देश के नागरिकों में देशहित एवं राष्ट्र–कल्याण की भावना रहती है, वह देश उन्नतिशील होता है। देश–प्रेम के पूत–भाव से मण्डित व्यक्ति देशवासियों की हित–साधना में, देशोद्धार में तथा राष्ट्रीय प्रगति में अपना जीवन तक न्यौछावर कर देता है। हम अपने देश के इतिहास पर दृष्टिपात करें, तो इस देश–भक्तों की लम्बी परम्परा मिलती है। जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण करके स्वदेश–प्रेम का अद्‌भुत परिचय दिया है। महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, सरदार भगतसिंह, महारानी लक्ष्मीबाई, लोकमान्य तिलक, महात्मा गाँधी आदि सहस्त्रों देश–भक्तों के नाम इस दृष्टि से लिए जाते हैं। हमें अपने देश के इतिहास से देश–प्रेम की एक गौरवपूर्ण परम्परा मिलती है और इससे हम देश–हितार्थ सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

1. लेखक के अनुसार कौनसा देश उन्नतिशील होता है ?
2. देश की सर्वागीण उन्नति एवं विकास के लिए देशवासियों में किसका होना परमावश्यक है ?
3. ''स्वेदश'' शब्द में मूल शब्द व उपसर्ग बताइए।
4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2)

गाँधीजी के अनुसार शिक्षा शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है। वे 'बुनियादी शिक्षा' के पक्षधर थे। उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की निःशुल्क एंव अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए जो उसके आस–पास की जिन्दगी पर आधारित हो; हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए, रोजगार दिलाने के लिए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाए तथा नैतिक एवं आध्यत्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो। गाँधीजी के उक्त विचारों से स्पष्ट है कि वे व्यक्ति और समाज के सम्पूर्ण जीवन पर अपनी मौलिक दृष्टि रखते थे तथा उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक एवं राजनीतिक आन्दोलनों में भाग लेकर भारतीय समाज एवं राजनीति में इन मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की। गाँधीजी की सारी सोच भारतीय परम्परा की सोच है तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति और सम्पूर्ण राष्ट्र वास्तविक स्वतन्त्रता, सामाजिक सद्‌भाव एवं सामुदायिक विकास को प्राप्त कर सकता है। भारतीय समाज जब–जब भटकेगा तब–तब गाँधीजी उसका मार्गदर्शन करने में सक्षम रहेंगे।

5. गाँधीजी के अनुसार प्रत्येक बच्चे को किस प्रकार की शिक्षा दी जानी चाहिए ?
6. गाँधीजी की सोच किस प्रकार की सोच है?
7. 'सामाजिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय बताइए।
8. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(3)

मानव जीवन का सर्वतोमुखी विकास ही शिक्षा का उद्‌देश्य हैं। मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियाँ अन्तर्निहित रहती हैं, शिक्षा इन्हीं शक्तियाँ का उद्‌घाटन करती हैं। मानवीय व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही सम्पन्न होता हैं। सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है, उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य की ज्ञान–चेतना को ही दिया जा सकता हैं। मनुष्य में ज्ञान–चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता हैं। बिना शिक्षा का मनुष्य का जीवन पशु–तुल्य होता हें। शिक्षा ही अज्ञान रूपी अंधकार से

मुक्ति दिलाकर ज्ञान का दिव्य आलोक प्रदान करती है। विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है।

1. शिक्षा का उद्देश्य किसे बताया गया हैं ?
2. मनुष्य में ज्ञान–चेतना का उदय किसके द्वारा होता है ?
3. 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय बताइये।
4. अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(4)

जब हम भारतीय साहित्य की एकता की चर्चा करते हैं तब हमारा आशय भारतवर्ष की भिन्न–भिन्न भाषाओं की साहित्य समाश्रयता से होता है। यदि हम आज की हिन्दी, बंगला, मराठी, गुजराती अथवा दक्षिणी भाषाओं के साहित्य को देखें, तो उनमें थोड़ा–बहुत अन्तर भी दिखेगा। परन्तु सार रूप में प्रवृत्तियाँ प्राय एक–सी ही पाई जाती हैं। विभिन्न प्रदेशों और जनपदों की सांस्कृतिक विशेषताओं की छाप इन साहित्यों में प्राप्त होती है, जो स्वाभाविक हैं। साहित्य के विविध रूपों में से किसी भाषा में किसी रूप की विशिष्टता भी मिलती है। उदाहरण के लिए आज के मराठी साहित्य में नाटकों की स्थिति अपेक्षाकृत अधिक अच्छी है, वैयक्तिक निबंध भी उनके यहाँ अधिक परिणाम में लिखे जा रहे हैं। यह उनकों प्रासंगिक विशेषता है। इसी प्रकार वैभिन्न्य के भीतर एक मूलभूत एकता है, जिसे हम भारतीय साहित्य की एकता कह सकते हैं।

1. भारतीय साहित्य की एकता का विस्तृत आशय क्या है ?
2. साहित्य में किसकी छाप होती है ?
3. 'स्वभाविक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए।
4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(5)

तुलसी हमारे जातीय जन–जागरण के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं उनकी कविता की आधारशिला जनता की एकता हैं। मिथिला से लेकर अवध और ब्रज तक चार सौ साल से तुलसी की सरस वाणी नगरों और गाँवों में गूँजती हैं। साम्राज्यवादी, सामन्ती अवशेष और बड़े पूँजीपतियों के शोषण से हिन्दी–भाषी जनता को मुक्त करके उसकी संस्कृति को विकसित करना हैं। हमारे जातीय संगठन के मार्ग में साम्प्रदायिकता, ऊँच–नीच के भेद–भाव, नारी के प्रति सामन्ती शासक का रूख आदि अनेक बाधाएँ हैं। तुलसी का साहित्य हमें इनसे संघर्ष करना सिखाता हैं। तुलसी का मूल सन्देश हैं, मानव–प्रेम को सक्रिय रूप देना, सहानुभूति को व्यवहार में परिणत करके जनता के मुक्ति–संघर्ष में योग देना हमारा कर्त्तव्य हैं।

1. हमारे जातीय संगठन के मार्ग में कौन–कौनसी बाधाएँ है ?
2. तुलसी का मूल सन्देश क्या है ?
3. 'साम्प्रदायिकता' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए ।
4. गंद्याश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(6)

नारी त्याग और तपस्या की अद्भूत विभूति हैं। इन्हीं दोनों तत्वों के समन्वय में हमारी भारतीय नारी का स्वरूप संगठित हुआ हैं। नारी जीवन का मूलमंत्र है – त्याग। और इस मन्त्र को सिद्ध करने की क्षमता उसे प्रदान की हैं तपस्या ने। हम ठीक–ठीक नहीं कह सकते हैं कि उसके जीवन के किस अंश में इन महनीय तत्वों के विलास का दर्शन हमें नहीं मिलता, परन्तु यदि हम उसके पूर्व जीवन को 'तपस्या' का काल तथा उत्तर जीवन को 'त्याग' का काल मानें तो

कदापि अनुचित न होगा। नारी के तीन रूप हमें दिखाई पड़तें हैं – कन्या रूप, भार्या रूप तथा मातृ रूप। कौमार काल नारी जीवन की साधनावस्था है और उत्तर काल उस जीवन की सिद्धावस्था है। हमारी संस्कृति के उपासक संस्कृत कवियों ने नारी की तीन अवस्थाओं का चित्रण बड़ी सुन्दरता के साथ किया हैं।

1. भारतीय नारी का व्यक्तित्व किन तत्वों से निर्मित होता है ?
2. नारी जीवन का मूलतंत्र क्या है ?
3. नारी के कौन–कौन से रूप दिखाई देते है ?
4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(7)

समय वह सम्पत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली हैं। जो लोग इस धन को संचित रीति से बरतते हैं वे शरीरिक सुख तथा आत्मिक आनन्द प्राप्त करते हैं। इसी समय–सम्पत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता–स्वरूप बन जाता हैं। इसी के द्वारा मूर्ख विद्वान, निर्धन धनवान और अनुभवी बन सकता हैं। संतोष, हर्ष या सुख तक तक मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक कि वह उचित तरीके से अथवा रीति के समय का सदुपयोग नहीं करता हैं। समय निस्सन्देह एक रत्न–राशि हैं। जो कोई उसे अपरिमित और अगणित रूप से अन्धा–धुन्ध व्यय करता है वह दिन–दिन अंकिचन, रिक्त हस्त और दरिद्र होता हैं। वह आजीवन खिन्न और समय को कोसता रहता हैं। सच तो यह हैं कि समय का सदुपयोग करना आत्मोन्नति तथा उसे नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या हैं।

1. समय का सदुपयोंग करने से क्या लाभ रहता है ? बताइये।
2. समय क्या है यह मनुष्य को किससे मिला ?
3. 'आजीवन' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग बताइये।
4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(8)

सूचना का अधिकार दिये जाने से अधिक महत्व का कार्य इस अधिकार को प्राप्त करने एवं उपयोग करके जन जागृति फैलाने का है जिसकी आज सबसे अधिक आवश्यकता हैं। लोकतंत्र लोक–सहभागिता से मजबूत होता हैं, लोक–सहभागिता सूचना के अधिकार का सवाल खड़ा करने और उसको प्राप्त करने तथा प्रसारित करने से बढ़ती है। यदि हम सूचना के अधिकार का समुचित उपयोग कर सकें तो न केवल सरकारी स्तर की योजनाओं का समुचित उपयोग हो सकेगा बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता भी आ सकेगी जिससे भ्रष्टाचार पर नियन्त्रण होगा । वस्तुतः सूचना का अधिकार लोकतांत्रिका विकास प्रकिया को समृद्ध और स्वच्छ करने का कारगर हथियार है । यह संवैधानिक कर्त्तव्यों के पालन हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देशक तत्त्व है।

1. सूचना के अधिकार का उपयोग करने से क्या लाभ है ?
2. लोकतंत्र किससे मजबूत होता है?
3. सूचना के समुचित उपयोग करने से क्या होगा?
4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(9)

आधुनिक युग विज्ञान–युग के नाम से जाना जाता है। आज विज्ञान की विजय–पताका धरती से लेकर आकाश तक फहरा रही हे। सर्वत्र विज्ञान की महिमा का प्रचार–प्रसार है। मुनष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकति को जीत लिया है। आज मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा विद्युत, वाष्प, गैस, ईश्वर को खोजकर दिग्दिगन्तरों में अपनी विजय–पताका फहराकार सारे संसार में क्रान्किारी

परिवर्तन ला दिया है। किन्तु विज्ञान के कारण आधुनिक युग की युयुत्सा ने भी प्रबल रूप धारण कर लिया है। विज्ञान–वेत्ताओं ने जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुविधाएँ प्रदान की है वहीं दूसरी ओर उसके लिए विध्वंस के पर्याप्त साधन भी एकत्रित कर दिये है।

1. आधुनिक युग किसके नाम से जाना जाता है ?
2. विज्ञान से मनुष्य को भय क्यों लगने लगा है ?
3. ''आधुनिक'' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइये।
4. 'गद्यांश' का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

10

स्वतन्त्र भारत में विद्यार्थियों के कंधों पर समाज का भारी बोझ है। आज जो विद्यार्थी है, कल वही देश का सुनागरिक और समाज का कर्णधार होगा। आज के समाज में चोरी, रिश्वतखोरी, कपट विश्वासघात, भ्रष्टाचार, गबन, घोटाले आदि असंख्य बुराइयाँ फैली हुई हैं, उन्हें रोकने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सामाजिक जीवन में व्याप्त दुषित तत्त्वों को निकाल फेंकना भी परमावश्यक है। इसलिए स्वतन्त्र देश के गौरव के अनुकूल ऐसे नागरिकों की आवश्यकता है जो ईमानदार, कर्त्तव्यपरायण और परिश्रमी हों। इस समय हमारे देश का जीवन परिवर्तन के संधि–स्थल पर है। आज के विद्यार्थियों को निरन्तर जागरूक रहकर सामाजिक जीवन के परिवर्तनों और प्रगति में योगदान करना चाहिए।

1. स्वतन्त्र भारत में किसके कंधों पर समाज का भारी बोझ होगा ?
2. हमारे देश को कैसे नागरिकों की आवश्यकता है ?
3. ईमानदार शब्द का विलोम बताइये।
4. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइये।

निबन्ध 8 अंक

1. भारत में विमुद्रीकरण/नोटबंदी – विविध प्रभाव
2. स्वच्छता का महत्व
3. राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान
4. बेटी बचाओ – बेटा पढाओं
5. प्लास्टिक थैली – पर्यावरण की दुश्मन
6. कम्प्यूटर का महत्व
7. हमारे त्यौहार
8. कन्या शिक्षा का महत्व
9. बाल विवाह – एक अभिशाप
10. अनुशासन का महत्व
11. आतंकवाद – एक चुनौती
12. कन्या भ्रूण हत्या – एक चुनौती
13. योग का महत्व
14. जल संरक्षण
15. राष्ट्रीय पर्व

रिपोर्ट **अंक 04**

1. शैक्षणिक भ्रमण
2. वार्षिकोत्सव
3. गणतन्त्र दिवस
4. वृक्षारोपण
5. योग दिवस
6. विश्व विकलांगता दिवस
7. शिक्षक दिवस
8. बाल दिवस

आलेख **04 अंक**

1. महंगाई
2. कम्प्यूटर क्रान्ति
3. सेव द अर्थ
4. कटते जगंल – घटता मगंल
5. विद्युत संरक्षण
6. स्वास्थ्य सजगता
7. रंगीला राजस्थान

8. नारी की भूमिका
9. युवा शक्ति
10. विद्यार्थी जीवन

फीचर **04 अंक**

1. मेरा प्रिय खेल
2. बस्ते का बढ़ता बोझ
3. पॉलीथीन – एक गंभीर समस्या
4. पर्यावरण प्रदूषण
5. दहेज प्रथा
6. बालिका शिक्षा

अथवा

पत्र लेखन **04 अंक**

1. अतिरिक्त कक्षा हेतु प्रधानाचार्य को पत्र
2. खेल मैदान हेतु प्रधानाचार्य को पत्र
3. पैसे मंगवाने हेतु पिताजी को पत्र
4. हॉकी टीम में चयन होने पर मित्र को बधाई पत्र

किसी एक कवि या लेखक परिचय दीजिएः— 4 अंक

1. सूरदास
2. कबीर
3. हरिवंश राय बच्चन
4. सुभद्रा कुमारी चौहान
5. बिहारी
6. रहीम
7. भूषण
8. जेनेन्द्र
9. पूर्णसिंह
10. भीमराव अम्बेड़कर
11. धर्मवीर भारती
12. जयशंकर प्रसाद

1. निम्नाकिंत अंग्रेजी शब्दों का उच्चारण एवं हिन्दी रूपान्तरण लिखिए::–

1. Action	एक्सन	कार्यवाही
2. Agree	एग्री	सहमत होना
3. Annual	ॲनुअल	वार्षिक
4. Ballot	बेल्ट	मतपत्र
5. Bonus	बोनस	अधिलाभ
6. Cash	केश	नकद
7. Clerk	क्लर्क	लिपिक
8. Data	डाटा	ऑकडें
9. Donation	डोनेशन	दान
10. Duty	ड्यूटी	कर्त्तव्य
11. Eligible	इलेजिबल	पात्र
12. Enquiry	इन्क्वायरी	जाँच
13. Grant	ग्राण्ट	अनुदान
14. Job	जॉब	कार्य / नौकरी
15. Joint	ज्वॉइट	संयुक्त
16. Index	इण्डेक्स	अनुक्रमणिका
17. Legal	लीगल	कानूनी
18. Manager	मैनेजर	प्रबन्धक
19. Memo	मीमो	ज्ञापन
20. Nation	नेशन	राष्ट्र
21. Natural	नेचुरल	प्राकृतिक
22. Offence	ऑफेन्स	अपराध
23. Opposition	अपोजिशन	विरोध
24. Post	पोस्ट	पद
25. Punish	पनिश	दण्ड देना

26. Pollution	पोल्यूशन	प्रदूषण
27. Quantity	क्वान्टिटी	परिमाण
28. Qualification	क्वालिफिकेशन	अर्हता / योग्यता
29. Reject	रिजक्ट	अस्वीकार करना
30. Rebate	रिबेट	छूट
31. Safety	सेफ्टी	सुरक्षा
32. Senior	सीनियर	वरिष्ठ
33. Session	सेशन	सत्र
34. Speech	स्पीच	भाषण
35. Tax	टेक्स	कर
36. Tribe	ट्राईब	जनजाति
37. Urban	अरबन	नगरीय
38. Warrant	वारण्ट	अधिपत्र
39. Will	विल	इच्छापत्र
40. Zone	जोन	अंचल
41. Visa	वीजा	प्रवेश पत्र
42. Script	स्क्रिप्ट	आलेख
43. Relative	रिलेटिव	संबंधी
44. Regular	रेगुलर	नियमित
45. Paid	पैड	प्रदत्त
46. Permit	परमिट	अनुज्ञापत्र
47. Camp	कैम्प	शिविर
48. Amount	अमाउण्ट	राशि
49. Objection	ऑबजक्शन	आपत्ति
50. Pension	पेंशन	पेंशन

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

प्रश्न बैंक

कक्षा–12

विषय : हिन्दी साहित्य

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

संयोजक

श्री महेश कुमार वाधवानी

प्रधानाचार्य एवं संरक्षक

रा.से.आ.पोद्दार मूक–बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

लेखकः

श्रीमती मंजू परिहार

शिक्षिका

जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय,कांकरोली

सह संयोजकः

श्रीमती सुष्मिता गिल

वरिष्ठ अध्यापक (गणित)

रा.से.आ.पोद्दार मूक–बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

श्री उमेश चन्द्र भाण्ड

सहायक शिक्षक

जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय,कांकरोली

2017

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

पाठ्यक्रम

विषय – हिन्दी साहित्य

क्र.सं.	इकाई का नाम	अंक भार
	अधिगम क्षेत्र	
1	हिन्दी गद्य का इतिहास	16
2	काव्यांश परिचय	16
3	पाठ्य पुस्तक – सरयू (प्रथम पुस्तक)	32
4	पाठ्यपुस्तक – मंदाकिनी (द्वितीय पुस्तक)	16

खण्ड–अ

क्र.सं.	इकाई का नाम	अंक भार	योग
1	अपठित गद्यांश	**2 x 4 = 8**	**16**
2	अपठित पद्यांश	**2 x 4 = 8**	

खण्ड–ब

क्र.सं.	इकाई का नाम	अंक भार	योग
1	निबन्ध रचना	**7**	**20**
2	पत्र लेखन	**8**	
3	आलेख	**5**	

खण्ड–स

क्र.सं.	इकाई का नाम	अंक भार	योग
1	पठित पद्यांश	**2 x 6 = 12**	**32**
2	पठित गद्यांश	**2 x 6 = 12**	
3	लघुत्तरात्मक प्रश्न – गद्य – पद्य	**4 x 2 = 8**	

खण्ड–द

क्र.सं.	इकाई का नाम	अंक भार	योग
1	लघुत्तरात्मक प्रश्न	**4 x 3 = 12**	**16**
2	निबन्धात्मक प्रश्न	**4 x 1 = 4**	

उच्च माध्यमिक परीक्षा–2017

नमूने का प्रश्न पत्र (मूक–बधिर)

कक्षा–12

विषय – हिन्दी साहित्य

अनुक्रमांक						

पूर्णांक	80 अंक

अवधि : 4 घंटे 15 मिनट

सामान्य निर्देश

1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
2. प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मूख अंकित है।

खण्ड–"अ"

प्रश्न–1	निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– उदयाचल से किरन धेनुएँ हाँक ला रहा वह प्रभात का ग्वाला । पूँछ उठाये चली आ रही क्षितिज–जंगलों से टोली दिखा रहे पथ इस भूमा का। सारस सुना–सुना बोली 1– प्रभात का ग्वाल क्या हाँक कर ला रहा था? (2) 2– पूँछ उठाकर टोलियां कहाँ से आ रही थी? (2) 3– प्रभात का ग्वाला किसे कहा गया है? (2) 3– रेखांकित पदो ंके पर्यायवाची शब्द लिखो। (2)
प्रश्न–2	निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: भारतीय संस्कृति की एक बड़ी विशेषता यह है िकवह सर्वांगिण है। ऐतिहासिक और पारलौकिक उन्नति व शास्त्र का समन्वय भारतीय संस्कृति में था। ज्योतिष वास्तुकला सुन्दर से वस्त्र उत्कृष्ट कलापूर्ण नगर–निर्माण आदि में जहाँ भारत ने चरम उन्नति की वहा यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान उपनिषदों का दार्शनिक ज्ञान, भागवत धर्म की भक्ति तथा पूज्य संतो की परम्परा आदि की दृष्टि से भारत बहुत आगे था, शास्त्रकारों क ेमत से मानव को चार पुरूषार्थ करने चाहिए, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष । और मोक्ष ही नहीं काम भी हमारे यहाँ आवश्यक है और इनकी पूर्ति के लिये अनेक ऋषियों और मुनियों ने बड़े–बड़े ग्रन्थ लिखे। अ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (2) ब) भारतीय संस्कृति सर्वांगिण कैसे है? (2)

	स) चार पुरूषार्थ कौन–कौन से है? (2) द) भारतीय संस्कृति हैः (2) अ) सर्वांगिण ब) अधूरी स) मिश्रित द) कोई नहीं ( )

खण्ड–"ब"

प्रश्न–3	निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध रचना कीजिए– (7) अ) हमारे प्रिय त्यौहार ब) मेरा प्रिय खेल–हॉकी स) दीपावली/रक्षा बन्धन द) स्वतंत्रता दिवस
प्रश्न–4	आप अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए जिसमें आपकी बहिन का विवाह तय हो गया है। (4)
प्रश्न–5	अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें आपकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और विद्यालय शुल्क भरने में असमर्थ है। (4) अथवा आप अपने प्रधानाचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी.सी.) हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।
प्रश्न–6	निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर आलेख लिखिए। (5) अ) पर्यावरण ब) मेरा प्रिय खेल

खण्ड–"स"

प्रश्न–7	निम्नांकित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– भारत माता, (6) ग्रामवासिनी । खेतों में फैला है श्यामल, धूल भरा मैला सा आँचल, गंगा–यमुना में आँसू जल, मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी। 1– भारत माता कहां निवास करती है? 2– भारत माँ का आंचल कैसा है? 3– भारत माँ की मूर्ति किसकी बनी हुई है? 4– रेखांकित पदो ंके दो पर्यायवाची लिखिए। अथवा निम्नांकित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– हाँ, वृद्व भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है, ऐसा पुरातन देश कोई विश्व में

	क्या और है ? भगवान की भव–भूतियों का यह प्रथम भण्डार है। विधि ने किया नर–सृष्टी का पहले यही विस्तार है। अ) भारत किसका प्रथम भण्डार है? ब) संसार का सिरमौर कौन है? स) नर सृष्टि का सबसे पहले विस्तार कहाँ हुआ था? द) भारत वर्ष संसार का है – अ) मुकुट ब) सिरमौर स) ताज द) आभूषण
प्रश्न–8	निम्नांकित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (6) ज्ञान प्रकासा गुरू मिला, सो जिनि बिसरि जाइ। जब गोविन्द क्रिपा करी, तब गुरू मिलिया आई।। अ) कबीर ने उक्त पंक्तियों में किसका वर्णन किया है? ब) गुरू की प्राप्ति किसकी कृपा का परिणाम है? स) "गोविन्द" शब्द किसके लिये प्रयुक्त हुआ है ? अथवा
	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (6) रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून। पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून।। 1– रहीम के अनुसार किसके बिना सब सूना है? 2– मोती, मानुष और चून के साथ पानी के क्या–क्या अर्थ होते हैं? 3– पानी शब्द के दो पर्यायवाची लिखो।
प्रश्न–9	पठित कविताओं के विषय वस्तु से संबंधित दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए । (6) अ) बसंत ऋतु के आगमन पर प्रकृति में कौन–कौन से परिवर्तन होते हैं? ब) मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्र कवि क्यों कहा जाता है? स) राम ने शक्ति पूजा हेतु कौन–कौन से फूलो का प्रयोग किया ? द) "बरस रहा आलोक–दूध हैः खेतों खलिहानों में" कहने का क्या आशय है?
प्रश्न–10	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (6) संस्कृति शब्द का संबंध संस्कार से है जिसका अर्थ है संशोधन करना, उत्तम बनाना, परिष्कार करना/अंगरेजी शब्द "कल्चर" में वहीं धातु है जो "एग्रीकल्चर" में है। इसका अर्थ भी पैदा करना, सुधारना है। संस्कार व्यक्ति के भी होते है और जाति के भी। जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहते है। संस्कृति एक समूह वाचक शब्द है। जलवायु के अनुकूल रहन–सहन की विधियाँ और विचार–परम्पराएँ जाति के

	लोगों में दृढमूल हो जाने से जाति के संस्कार बन जाते है। इनको प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजी प्रकृति के अनुकूल न्यूनाधिक मात्रा में पैतृक सम्पति के रूप में प्राप्त करता है। ये संस्कार व्यक्ति के घरेलू जीवन तथा सामाजिक जीवन में परिलक्षित होते है। मनुष्य अकेला रहकर भी इनसे छुटकारा नहीं पा सकता। ये संस्कार दूसरे देश में निवास करने अथवा दूसरे देशवासियों के संपर्क में आने से कुछ परिवर्तित भी हो सकते हैऔर कभी–कभी दब भी जाते हैं; किन्तु अनुकूल वातावरण प्राप्त करने पर फिर उभर आते है। 1– "संस्कृति" शब्द का संबंध किससे है तथा इसका अर्थ क्या है? (1½) 2– जातिगत संस्कार कैसे बनते है? (1½) 3– संस्कृति किसे कहते है? (1½) 4– संस्कार कौन–कौन से है ? (1½)
प्रश्न–11	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (6) सामन्ती समाज के साहित्य की सबसे बड़ी कमजोरी होती है–निष्क्रियता। तुलसी का साहित्य निष्क्रियता का साहित्य नही है। धनुर्धर राम रावण का वध करने वाले पुरूषोतम है। तुलसी का साहित्य जीवन की अस्वीकृति का साहित्य नहीं है। वे उन लोगों का मज़ाक उड़ाते है जो काम क्रोध के भय के मारे रात को सो नही पाते। केवल राम का भक्त चैन से सो पाता है। 1– सामन्ती समाज के साहित्य की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है?(1½) 2– धनुर्धर राम ने किसका वध किया था ? (1½) 3– तुलसी किन–किन लोगों का मज़ाक उड़ाते है? (1½) 4– कौन से व्यक्ति चैन से सो पाते हैं? (1½) अथवा
	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। (6) यदि हम अपने इतिहास पर दृष्टि डाले तो पता चलता है, हमारा देश वही हिन्दुस्तान है जो पहले "सोने की चिड़िया" कहा जाता था । हमारे सारे प्राचीन ग्रन्थों में सुख–शान्ति, अकूल वैभव व ऐश्वर्य का वर्णन मिलता है। यह हमारा वैभव ही तो था जो विदेशी आक्रमणकारियों को हिन्दुस्तान की ओर आकर्षित करता था। पहले पहल आए सारे आक्रमणकारियों का एक मात्र उद्देश्य हिन्दुस्तान का लूटना ही था। हर बार प्रत्येक आक्रमणकारी अपने साथ बेहिसाब सोना, चाँदी, हीरे–मोती लूटकर ले गया। यह सत्य है कि मुहम्मद गजनवी सोमनाथ मन्दिर को लूटकर उसकी बेहिसाब सम्पदा को ले गया। भारत की चमक से चकित होकर अंग्रेज भारत आए, यहाँ की अपार सम्पदा को इंग्लेण्ड ले गए। 1– "सोने की चिड़िया" किस देश को कहा जाता था? (1½) 2– आक्रमणकारी किस उद्दश्य से भारत आए थे? (1½) 3– हमारे प्राचीन ग्रन्थों में किस बात का वर्णन मिलता है? (1½) 4– मुहम्मद गजनवी ने क्या किया ? (1½)

प्रश्न–12	पाठों की विषय वस्तु पर आधारित निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर दीजिए– (4) अ) भक्ति आन्दोलन और तुलसी काव्य की सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डालिए। ब) "पाजेब" कहानी के अनुसार अपराध प्रवृत्ति को कैसे जीता जा सकता है? स) जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहते है । क्यों? द) खिलौनेवाले का अधूरा वाक्य क्या था? उसको सुनने पर युवतियों तथा बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता था?

खण्ड–"द"

प्रश्न–13	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (4) 1) हिन्दी रंग मंच के विकास में नाटककार के योगदान को स्पष्ट कीजिए। 2) "संस्मरण" किसे कहते है? 3) "रेखाचित्र" विधा का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4) पंतजी को प्रकृति का चितेरा क्यों कहा जाता है?
प्रश्न–14	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (3) 1) लेखक ने शीरीष को उद्भुत अवधूत क्यों कहा है? 2) भारत को सोने की चिड़िया क्यों कहा जाता है? 3) कवि ने भारत वर्ष को भू–लोक का गौरव क्यों बताया है?
प्रश्न–15	पाठों की विषय वस्तु पर आधारित निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर दीजिए–(3) अ) "एंग्लो इंडियन स्कूल का भारतीय बच्चों के प्रति क्या दृष्टिकोण थे? ब) "धरित्री निर्धूम अग्निकुंड बनी हुई थी" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान, राजसमन्द द्वारा संचालित

जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय,कांकरोली

कक्षा–12

विषय : हिन्दी साहित्य – पद्य भाग

अध्याय–1 : कबीर

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। ज्ञान प्रकासा गुरू मिला, सो जिनि बिसरि जाइ । जब गोविन्द क्रिपा करी, तब गुरू मिलिया आइ।। 1– कबीर ने उक्त पद्यांश में किसका वर्णन किया है? 2– गुरू की प्राप्ति किसी कृपा का परिणाम है? 3– "गोविन्द" शब्द किसके लिये प्रयुक्त हुआ है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । मूरिख संग न कीजिए, लोहा जल न तिराह । कदली सिप भुजंग मुख, एक बूँद तिहूँ भाइ ।। 1– उपर्युक्त पद में क्या संदेश दिया गया है? 2– किसकी संगति नहीं करनी चाहिए? 3– "कदली" और "भुजंग" का शाब्दिक अर्थ लिखिए ।
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	कबीर के अनुसार "करतार" को पाने का एक मात्र उपाय क्या है?
प्रश्न–4	कबीर के अनुसार मूर्ख का साथ क्यों नहीं करना चाहिए ?
प्रश्न–5	"काहे री नलिनी तू कुम्हिलानी" पंक्ति में नलिनी प्रतीक है– अ) कमल के फूलों का ब) जल में उगने वाले फूलों का स) दुःखी लोगों की द) जीवात्मा की ( )
प्रश्न–6	कबीर के अनुसार जीवात्मा किससे मिलने के लिये तड़पती है?
प्रश्न–7	संकलित दोहों में कबीर दासजी ने गुरू के किन–किन उपकारों का स्मरण किया है?

अध्याय–2 : गोस्वामी तुलसीदास

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कंत करश हरि सन परिहरहू । मोर कहा अति हित हियॅ धर हूँ।। समुझत जासु दूत कइ करनी । सुवहिं गर्भ रजनीचर धरनी ।। तासु नारि निज सचिव बोलाई । पठवहु कंत जो चहहु भलाई ।। तब कुल–कमल बिषिन दुखदाई । सीता सीत निसा सम आई।। सुनहु नाथ सीता बिनू दीन्हें । हित न तुम्हार सम्भु अज कीन्हें।। 1– मंदोदरी किससे अनुरोध कर रही है? 2– मंदोदरी ने रावण से क्या कहा ? 3– सीता किसके समान आई है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । तुमहिं रघुपतिहिं अंतर कैसा। खलु खद्योत दिनकरही जैसा ।। अतिबल मधु कैटभ जेहि मारे । महावीर दितीसुत संहारे।। जेहि बल बाधि सहस भुज मारा । सोई अवतरेउ हरन महि भारा।। तासु विरो न किजिअ नाथा। काल करम जिव जाकै हाथा ।। 1– राम ने किसलिये अवतार लिया है? 2– राम ने किन दो राक्षसों को मारा था ? 3– "दिनकर" शब्द का अर्थ लिखिए ।
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	मंदोदरी के अनुसार रावण को किससे बैर नहीं करना चाहिए?
प्रश्न–4	"सूर्पनखा" कौन थी? उसके साथ क्या हुआ था?
प्रश्न–5	"मंदोदरी की रावण को सीख" प्रसंग कहाँ से संकलित किया गया है?
प्रश्न–6	जब मंदोदरी को पता चला कि राम समुन्द्र पर सेतु बनाकर सेना सहित लंका आ पहुँचे है तो उसने क्या किया?
प्रश्न–7	रावण का कौनसा शरीर रणभूमि में धूल–धूरित पड़ा था?

अध्याय–3 : रहिम

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय । टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े गाँठि परि जाय ।। 1– रहिम के अनुसार धागा किसका प्रतीक है? 2– धागा टूटने की आवाज कैसी होती है? 3– एक बार धागा टूट जाए तो फिर दुबारा जुड़ने पर क्या हो जाता है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून। पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून।। 1– रहीम के अनुसार किसके बिना सब सूना है? 2– मोती, मनुष्य और चूना के साथ पानी के क्या–क्या अर्थ होते हैं? 3– पानी शब्द के दो पर्यायवाची लिखो।
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	रहीम ने दीपक और कपूत की समानता का वर्णन क्यों किया हैं?
प्रश्न–4	कुसंग से कौन लोग प्रभावित नहीं होते है और क्यों ?
प्रश्न–5	रहीम के अनुसार सच्चे मित्र में क्या विशेषताएँ होती है?
प्रश्न–6	"रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो चिटकाय" पंक्ति में कवि ने क्या संदेश दिया है?
प्रश्न–7	"मोती, मानुष, चून"के साथ पानी के क्या–क्या अर्थ होते है?

अध्याय–4 : धनानंद

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। मीत, सुजार, अनीत करौजिन, हा हा न हुजियै मोहि अमोही। दीठि कौ और कहूँ नहिं ठौर, फिरी दृग रावरै रूप की दोही। एक बिसास की टेक गहें, लगि आस रहे बसि प्रान बटोही। ही घन आनन्द जीवन मूल दई । कित प्यासनि मारत मोही ।। 1– धनानंद की प्रेमिका का क्या नाम था? 2– "प्रान बटोही" में कवि धनानंद के प्राण बसे हुए थे ? 3– "मीत" शब्द का अर्थ लिखिए ।
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । अति सूधो सनेह को मारग है, जहाँ नैंकु सयानप बॉक नहीं। तहाँ साचै चलै तजि आपनपौ झिझकै कपटी जै निसांक नही ।। घन आनन्द प्यारे सुजान सुनी, यहाँ एक ते दूसरो आँक नहीं । तुम कौन–धौं पाटी पढे हो कहौ, मन लैंहु पै देहु छटांक नहीं ।। 1– सीधा सरल मार्ग कौनसा है? 2– उपर्युक्त पद्यांश का रचियता कौन है? 3– कवि अपना दुःख किसके लिये कहना चाह रहा है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	प्रेम मार्ग को "अति सूधो" बनाने का आशय क्या है?
प्रश्न–4	विरहिणी के नैत्रों को सदा किस बात की लालसा बनी रहती है?
प्रश्न–5	प्रेम की पीर के सिद्हस्त कवि कौन थे ?
प्रश्न–6	"दई कित प्यासनि मारत मोही" कवि ने यह किससे और क्यों कहा है?

अध्याय–5 : सेनापति

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। देखैं छिति अंबर जलै है चारि ओर छोर तिन तरबर सब ही कौं रूप हर्यौं है। महा झर लागै जोति भद्व की होति चलै, जलद् पवन तनसेक मानौं पर्यौं हैं। दारून तरनि तरैं नदी सुख पावैं सब, सीरी धन छॉह चाहि बौई चित धर्यों हैं देखौं चतुराई सेनापति कविताई की जु, ग्रीषम विषय बरसा की सम कर्यौ है। 1– उपर्युक्त पद्यांश में कवित ने किसा वर्ण किया है? 2– किस ऋतु में चारों तरफ जलन लगने लगती है? 3– बारीश की झड़ी कब लगती है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । बरन बरन तरू फूले उपवन बन, सोई चतुरंग संग दल लहियत है। बंदी जिमि बोलत बिरद बीर कोकिल गुंजत मधुप गान गुन गहियत है। आवै आस–पास, पहुपुपन की सुबास सोई, सौंधें के सुगंध मॉझ सने रहियत है। सोभा कौ समाज, सेनापति सुख–साज आज आवत बसंत रितुराज कहियत हैं 1– ऋतुराज किसे कहा गया है? 2– उक्त पद्यांश में किसका वर्णन किया गया है? 3– बसंत ऋतु में प्रकृति कैसी बन जाती है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	बसंत ऋतु के आगमन पर प्रकृति में कौन–कौन से परिवर्तन होते हैं?
प्रश्न–4	चतुरंग से क्या तात्पर्य है?
प्रश्न–5	बसंत ऋतु में वियोगी, योगी और भोगी किस–किस रूप में प्रभावित हो रहे हैं?
प्रश्न–6	ग्रीष्म ऋतु में धरती और आकाश्श की क्या दशा दिखाई दे रही है?

अध्याय–6 : पद्माकर

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। करम को मूल तन, तन मूल जीव जग जीवन को मूल अति आनन्द की धरिबो । कहै "पद्माकर" ज्यों आनन्द को मूल राज, राजमूल केवल प्रज्ञा को भौन भरिबो । 1– उपर्युक्त पद्यांश का रचियता कौन है? 2– करम का मूल क्या है? 3– जीवन का मूल क्या है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–2	"भूपति भागीरथ के रथ की सुपष्य पथ" पंक्ति का भावार्थ लिखिए ।
प्रश्न–3	"गंगा स्तुति" के अनुसार गंगा की क्या विशेषताएँ है?
प्रश्न–4	शिवजी अपने जटाजूट को सुसज्जित करने के लिये क्या धारण करते हैं?
प्रश्न–5	"भूमि पर फबी है थिति रजत पहार की" – में रजत पहार किसको कहा गया है तथा क्यों ?
प्रश्न–6	"गंगा लहरी" काव्य में किसका वर्णन किया गया है?
प्रश्न–7	"धनमूल धर्म" कहने का क्या तात्पर्य है?

अध्याय–7 : मैथिलीशरण गुप्त

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। स्वयं सुसज्जित करके क्षण में प्रियतम को, प्राणों के पण में, हमी भेज देती है रण में– क्षात्र धर्म के नाते । सखि, वे मुझसे कहकर जातें। हुआ न वह भी भाग्य अभागा, किस पर विफल गर्व अब जागा? जिसने अपनाया था, त्यागा। रहे स्मरण ही आते । सखि, वे मुझसे कहकर जाते ! 1– स्त्री अपने प्रियतम को क्षात्र धर्म के नाते कहॉ भेज देती है? 2– कवि ने किसका सजीव चित्रण किया है? 3– स्वदेश की रक्षा हेतु पत्नियां क्या करती है ?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । हाँ, वृद्व भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है, ऐसा पुरातन देश्श कोई विश्श्व में क्या और है? भगवान की भव–भूतियों का यह प्रथम भण्डार है। विधि ने किया नर–सृष्टि का पहले यहीं विस्तार 1– हमारा भारत संसार का क्या है? 2– भारत किसका प्रथम भण्डार है? 3– नर–सृष्टि का सबसे पहले विस्तार कहॉ हुआ था ?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	कवि ने भारतवर्ष को भू–लोक का गौरव क्यों बताया है?
प्रश्न–4	मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्र कवि क्यों कहा जाता है?
प्रश्न–5	"विधि ने किया नर–सृष्टि का पहले यहीं विस्तार है।" यह कहकर कवि भारत की किस विशेषता का वर्णन करना चाहता है?
प्रश्न–6	"दुःखी न हो इस जन के दुःख से" पंक्ति में यशोधरा ने "जन" शब्द का प्रयोग किसके लिये किया है?
प्रश्न–7	क्षत्राणियाँ अपना धर्म कैसे निभाती है?

अध्याय–8 : सूर्यकान्त त्रिपाठी "निराला"

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर–फिर सराय, रह रह उठता जग जीवन में रावण जय भय, जो नहीं हुआ आज तक हृदय रिपुदम्य श्रान्त, एक भी, अयुत–लक्ष में रहा जो दुराकान्त, कल लड़ने को ही रहा विकल वह बार–बार अमार्थ मानता मन उद्यत हो हार–हार । 1– राम को क्या संशय हो रहा था ? 2– राम किसके साथ युद्व करने की तैयारी कर रहे थे? 3– "राघवेन्द्र" शब्द किसके लिय प्रयुक्त हुआ है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । बुद्वि के दुर्ग पहुँचा विद्युत गति हटचेतन, राम में जगी स्मृति हुए सजग पा भाव प्रमन। "यह है उपाय" कह उठे राम ज्यो मन्द्रित धन । "कहती थी" माता, मुझको सदा राजीव नयन् । दो नील कमल है शेष अभी, यह पुश्श्चरण पूरा करता हूँ देकर मात एक नयन ।। 1– राम की माता उनको सदा क्या कहती थी ? 2– राम ने शक्ति पूजा हेतु कौन–कौन से फूल चढायें थे ? 3– राम नीलकमल के अभाव में महाशक्ति को क्या अर्पित करना चाहते थे?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	राम ने शक्ति पूजा हेतु कौन–कौन से फूलों का प्रयोग किया ?
प्रश्न–4	"दो नील कमल है शेष अभी" राम किन नील कमलों की बात कर रहे थे ?
प्रश्न–5	राम ने अन्तिम जप को किस प्रकार पूर्ण करने का विचार किया?
प्रश्न–6	महा शक्ति ने राम को क्या आशिर्वाद दिया ?
प्रश्न–7	राम के मन में बार–बार क्या संशय उठ रहा था?

अध्याय–9 : जयशंकर प्रसाद

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। आह ! इस खेवा की । कौन थामता है पतवार ऐसे अंध डमें, अन्धकार–पारावर में गहन नियति–सा उमड़ रहा है, ज्योति,रेखाहीन–क्षुब्ध हो। खींच ले चला है– काल धीवर अनन्त में साँस–सफरी–सी अटकी है किसकी आशा में 1– कवि ने किस कारण दुःख व्यक्त किया है? 2– कवि देशवासियों को क्या प्रेरणा दे रहा है? 3– कविता में "गहन नियति सा" किसके लिये प्रयुक्त हुआ है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–2	पेशोला की झील में बने महलो के प्रतिबिम्ब विषाद के शिल्प बने हुए क्यों लगते हैं?
प्रश्न–3	सूर्य को निर्धूम तथा भस्म रहित ज्वलन पिण्ड कहने का क्या आशय है?
प्रश्न–4	जय शंकर प्रसाद के काव्य की कौनसी विशेषताएँ राष्ट्रीयता के भावों को जगाने में सहायक सिद्व हुई है?
प्रश्न–5	"कालिमा बिखरती है – संध्या के कलंक–सी" का तात्पर्य क्या है?
प्रश्न–6	"कौन लेगा भार यह?" कवि किसका भार लेने की बात कह रहा है?
प्रश्न–7	"कौन थामता है पतवार ऐसे अंधड में" अंधड़ शब्द का क्या अर्थ है?

अध्याय–10 : रामधारी सिंह "दिनकर"

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। क्षमा शोभती उस–भुजंग को, जिसके पास गरल हो। उसको क्या, जो दन्तहीन, विषरहित, विनित सरल हो? तीन दिवस तक पंथ माँगते रघुपति सिंधु–किनारे, बैठे पढते रहे छनद अनुनय के प्यारे–प्यारे। 1– लोग किस भुजंग से डरते है? 2– राम तिन दिन तक समुंद्र से क्या मांग रहे थे? 3– "गरल" शब्द का अर्थ लिखिए?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । शान्ति नही ंतब तक, जब तक सुख–भाग न नर का सम हो, नहीं किसी को बहुत अधिक हो, नहीं किसी को कम हो। ऐसी शान्ति राज्य करती है, तन पर नहीं, हृदय पर नर के ऊँचे विश्वासों पर श्रद्वा, भक्ति प्रणय पर। 1– शान्ति कब तक स्थापित नहीं हो सकती है? 2– सच्ची शान्ति कहाँ राज करती है? 3– शान्ति मनुष्य के किस भाव पर आधारित होती है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	क्षमा किस पुरूष को शोभा देती है?
प्रश्न–4	"कुरूक्षेत्र के पूर्व नहीं क्या समर लगा था चलने"–कहने से पितामह भीष्म का आशय क्या है?
प्रश्न–5	"क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो! पंक्ति का आशय लिखिए।

प्रश्न–6	राम को क्रोध क्यों आया?
प्रश्न–7	क्षमा, दया, सहनशीलता की पूजा कब होती है?

अध्याय–11 : सुमित्रा नन्दन पंत

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। भारत माता, ग्रामवासिनी । खेतों में फैला है श्यामल, धूल भरा मैला सा आँचल, गंगा यमुना में आँसू जल, मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी। 1– भारत माता कहां निवास करती है? 2– भारत माँ का आंचल कैसा है? 3– भारत माँ की मूर्ति किसकी बनी हुई है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । आः धरती कितना देता है। मैनें छुटपन में छिपकर पैसे बोए थें, सोचा था पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे रूपयों की कलदार मधुर फसले खनकेंगी, और फल फल कर मैं मोटा सेठ बनूँगा। पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा, बध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला । 1– कवि ने बचपन में क्या बोया था ? 2– कवि किसके पेड़ उगाना चाहता था? 3– कवि बचपन में क्या बनना चाहता था?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	"भारत माता" कविता की दो विशेषताएँ लिखिए ।
प्रश्न–4	भारत माता को गीता प्रकाशिनी कहने का क्या आशय है?
प्रश्न–5	"हम जैसा बोंयेगे वैसा ही पायेंगे"–"धरती कितना देती है" कविता के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए ।
प्रश्न–6	रत्न प्रसाविनी किसको कहा गया है तथा क्यों?

प्रश्न–7	पंतजी को प्रकृति का चितेरा क्यों कहा जाता है?

अध्याय–12 : नरेश मेहता

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। उदयाचल से किरन धेनुएँ हाँक ला रहा वह प्रभात का ग्वाला । पूँछ उठाये चली आ रही क्षितिज–जंगलों से टोली दिखा रहे पथ इस भूमा का। सारस सुना–सुना बोली 1– प्रभात का ग्वाल क्या हाँक कर ला रहा था? 2– पूँछ उठाकर टोलियां कहाँ से आ रही थी? 3– रेखांकित पदो ंके पर्यायवाची लिखो।
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–2	कवि ने सूर्य की तुलना प्रभात के ग्वाले से क्यों की?
प्रश्न–3	कवि ने विडम्बना किसको कहा है?
प्रश्न–4	"नभ की आम्र छाँह में बैठा बजा रहा बंशी रखवाला" पंक्ति में बंशी कौन तथा कहाँ बजा रहा था ?
प्रश्न–5	"उदयाचल" किसको कहा गया है?
प्रश्न–6	"विडम्बना" कविता के अनुसार सत्य को जानने में क्या बाधाएँ है?
प्रश्न–7	"बरस रहा आलोक –दूध है खेतों, खलिहानों में" कहने का क्या आशय है?
प्रश्न–8	"एक बोध" कविता का वर्ण्य विषय क्या है?

विषय : हिन्दी साहित्य – गद्य भाग

अध्याय–13 : गुल्ली–डंडा

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। मैं समझता था कि न्याय मेरी ओर है। आखिर मैंने किसी स्वार्थ से ही उसे अमरूद खिलाया होगा। कौन निःस्वार्थ किसी के साथ सलूक करता है। भिक्षा तक तो स्वार्थ के लिये ही देते है। जब गया ने अमरूद खाया तो फिर उसे मुझसे दॉव लेने का क्या अधिकार है। रिश्वत देकर तो लोग खून पचा जाते हैं। यह मेरा अमरूद यों ही हजम कर जाएगा। अमरूद पैसे के पाँच वाले थे, जो गया के बाप को भी नसीब न होंगे । यह सरासर अन्याय था । 1– लेखक ने गया को क्या खिलाया था ? 2– गया को दाँव लेने का अधिकार क्यों नहीं था? 3– लेखक के अुनसार अमरूद कितने पैसे का था ?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । आँख किसी प्यासे पथिक की भाँति बचपन के उन क्रीड़ा–स्थलों को देखने के लिये व्याकुल हो रही थी; पर उस परिचित नाम के सिवा वहाँ और कुछ परिचित न था। जहाँ खण्डहर था, वहाँ पक्के मकान खड़े थे। जहाँ बरगद का पुराना पेड़ था, वहाँ अब सुन्दर बगीचा था । स्थान की काया पलट हो गई थी । अगर उसके नाम और स्थिति का ज्ञान न होता, तो मैं इसे पहचान भी न सकता। बचपन की संचित और अमर स्मृतियाँ बाँह खोले अपने उन पुराने मित्रों से गले मिलने को अधीर हो रही थी मगर वह दुनिया बदल गई थी । ऐसा जी होता था कि उस धरती से लिपटकर रोंऊँ और कहूँ, तुम मुझे भूल गई । मैं तो अब भी तुम्हारा वही रूप देखना चाहता हूँ। 1– लेखक की आँखे क्या देखने के लिये व्याकुल थी ? 2– लेखक के अनुसार वहाँ क्या–क्या बदल गया था ? 3– उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	कहानी का शीर्षक "गुल्ली–डंडा" क्यों रखा गया ?
प्रश्न–4	कथा नायक के अनुसार गुल्ली–डंडा खेलों का राजा क्यों लगता है?
प्रश्न–5	कहानी का नायक बड़ा होकर क्या बनता है?
प्रश्न–6	"मैं समझता था न्याय मेरी ओर है।" लेखक ऐसा क्यों समझता था?
प्रश्न–7	"ऐसा जी होता था कि उस धरती से लिपट कर रोऊँ और कहूँ, तुम मुझे भूल गई। मैं अब भी तुम्हारा वही रूप देखना चाहता हूँ।" इस कथन से मनुष्य की किस मनोवृत्ति का पता चलता है?
प्रश्न–8	"गुल्ली–डंडा" कहानी के लेखक का नाम लिखिये।

अध्याय–14 : मिठाईवाला

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र, किंतु मादक–मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुनने वाले एक बार अस्थिर हो उठते। उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ उपयुक्त गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे–छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिये युवतियाँ चिको को उठाकर छज्जों पर नीचें झाँकने लगती। गलियों और उनके अन्तर्व्यापी छोटे–छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और त बवह खिलौने वाला वहीं बैठकर खिलौनें की पेटी खेल देता। 1– खिलौने वाले का अधूरा वाक्य सुनकर निकट मकानों में क्या प्रभाव पड़ता था? 2– खिलौने वाले की आवाज कैसी थी? 3– खिलोने वाले की आवाज सुनकर बच्चें क्या करते थे?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । मुरलीवाला एक दम अप्रतिभ हो उठा। बोला–"आपको क्या पता बाबूजी कि इनकी असली लागत क्या है। यह तो ग्राहकों का दस्तूर होता है कि दुकानदार चाहे हानि उठाकर चीज़े क्यों न बेचे, पर ग्राहक यही समझते है – दुकानदार मुझे लूट रहा है। आप भला काहे को विश्वास करेंगे? लेकिन सच पूछिए तो बाबूजी, असली दाम दो पैसा ही है । आप कहीं से दो पैसे में ये मुरलियाँ नहीं पा सकते । मैंने तो पूरी एक हजार बनवाई थीं, तब मुझे इस भाव पड़ी है।" 1– मुरली की असली लागत क्या थी? 2– ग्राहक और विक्रेता के बीच क्या संशय रहता है? 3– मुरलीवाला ने कितनी मुरलियाँ बनवाई थी?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	खिलौने वाले का अधूरा वाक्य क्या था? उसको सुनने पर युवतियों तथा बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता था?
प्रश्न–4	विजय बाबू ने मुरलीवाले से क्या पूछा, उसने उनको क्या उत्तर दिया?
प्रश्न–5	मुरलीवाले तथा विजय बाबू की बातों से व्यापारी तथा ग्राहक के किस चरित्र का परिचय मिलता है?
प्रश्न–6	"दादी प्राण निकाले नहीं निकले।" मिठाई वाले ने दादी से ऐसा क्यों कहा?
प्रश्न–7	मिठाई वाले ने अपनी मिठाइयों की क्या–क्या विशेषताएँ बताई।
प्रश्न–8	"मिठाई वाला" कहानी के लेखक कौन है?

अध्याय–15 : भारतीय संस्कृति

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। संस्कृति शब्द का संबंध संस्कार से है जिसका अर्थ है संशोधन करना, उत्तम बनाना, परिष्कार करना/अंगरेजी शब्द "कल्चर" में वहीं धातु है जो "एग्रीकल्चर" में है। इसका अर्थ भी पैदा करना, सुधारना है। संस्कार व्यक्ति के भी होते है और जाति के भी। जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहते है। संस्कृति एक समूह वाचक शब्द है। जलवायु के अनुकूल रहन–सहन की विधियाँ और विचार–परम्पराएँ जाति के लोगों में दृढमूल हो जाने से जाति के संस्कार बन जाते है। इनको प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजी प्रकृति के अनुकूल न्यूनाधिक मात्रा में पैतृक सम्पति के रूप में प्राप्त करता है। ये संस्कार व्यक्ति के घरेलू जीवन तथा सामाजिक जीवन में परिलक्षित होते है। मनुष्य अकेला रहकर भी इनसे छुटकारा नहीं पा सकता। ये संस्कार दूसरे देश में निवास करने अथवा दूसरे देशवासियों के संपर्क में आने से कुछ परिवर्तित भी हो सकते हैऔर कभी–कभी दब भी जाते हैं; किन्तु अनुकूल वातावरण प्राप्त करने पर फिर उभर आते है। 1– "संस्कृति" शब्द का अर्थ क्या है? 2– जातिगत संस्कार कैसे बनते है? 3– अंग्रेजी शब्द "कल्चर" तथा "एग्रीकल्चर" में अर्थ एवं समानता लिखिए।
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । हमारी संस्कृति इतने में ही संकुचित नहीं है। पारिवारिकता पर हमारी संस्कृति में विशेष बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति में शोक की अपेक्षा आनंद को अधिक महत्व दिया गया है। इसलिये हमारे यहाँ शोकान्त नाटकों का निषेध है। भारत में आतिथ्य को विशेष महत्व प्रदान किया गया है। अतिथि को भी देवता माना गया है – अतिथि देवो भवः! 1– भारतीय संस्कृति ने किस बात पर अधिक बल दिया है? 2– भारत में कौनसे नाटकों को मान्यता नहीं है? 3– भारतीय संस्कृति में अतिथि को क्या माना गया है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	"जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहते हैं।" क्यों?
प्रश्न–4	भारतीय संस्कृति तथा अन्य संस्कृतियों के धार्मिक कार्यों में क्या अन्तर हैं?
प्रश्न–5	भारतीय संस्कृति में किन चार गुणों को महत्ता प्रदान की गई है ?
प्रश्न–6	संस्कृति के कितने पक्ष होते हैं? बाह्य पक्ष, आन्तरिक पक्ष से किस प्रकार संबंधित होता है?
प्रश्न–7	"अतिथि देवो भवः" का क्या आशय है?

अध्याय–16 : शिरीष के फूल

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कालिदास सौन्दर्य के बाह्य आवरण को भेदकर उसके भीतर तक पहुँच सकते थे, दुःख हो कि सुख, वे अपना भाव रस उस अनासक्त कृषीवल की भाँति खींच लेते थे, जो निर्दलित ईक्षुदण्ड से रस निकाल लेता है। कालिदास महान थे, क्योंकि वे अनासक्त रह सके। कुछ इस श्रेणी की अनासक्ति आधुनिक हिन्दी के कवि सुमित्रानंदन पंत में है। कविवर रविन्द्रनाथ में यह अनासक्ति थी । 1– आधुनिक हिन्दी के कवि कौन थे? 2– महान कवि कौन थे? 3– कालिदास किसके बाह्य आवरण को भेदकर उसके भीतर तक पहुँच सकते थे।
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । जेठ की जलती धूँप में, जबकि धरित्री निर्धूम अग्निकुंड बनी हुई थी, शिरीष नीचे से ऊपर तक फूलों से लद गया था । कम फूल इस प्रकार की गरमी में फूल सकेनक की हिम्मत करते है। कर्णिकार (वनचंपा) और आरग्वध (अमलतास) की बात मैं भूल नहीं रहा हूँ। वे भी आस–पास बहुत है। लेकिन शिरीष के साथ आरग्वध की तुलना नहीं की जा सकती। वह पन्द्रह बीस दिन के लिये फूलता है, वसंत ऋतु में पलाश की भाँति। 1– धरित्रि निर्धूम क्या बनी हुई थी ? 2– कौनसा वृक्ष फूलों से लदा हुआ था? 3– "धरित्री" का अर्थ क्या है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	"शिरीष का फूल" निबन्ध के लेखक का नाम क्या है? तथा यह हिन्दी गद्य की किस विधा की रचना है?
प्रश्न–4	अधिकार लिप्सा किसको कहते है? "शिरीष के फूल" पाठ के आधार पर बताइये कि इसका समाज पर क्या दुष्प्रभाव पड़ता है?
प्रश्न–5	लेखक ने "शिरीष के फूल" नामक पाठ में वृक्ष तथा फल और फूलो की क्या विशेषताएँ बताई गई है?
प्रश्न–6	लेखक ने शिरीष को अद्भुत अवधूत क्यों कहा है?
प्रश्न–7	"धरित्री निर्धूम अग्निकुंड बनी हुई थी" पंक्ति में क्या आशय है?

अध्याय–17 : पाजेब

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। मैंने स्थिर किया कि अपराध के प्रति करूणा ही होनी चाहिए, रोष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध–वृत्ति को जीता जा सकता है। आतंक से उसे दबाना ठीक नहीं हैं बालक का स्वभाव कोमल होता है और सदा ही उससे स्नेह से व्यवहार करना चाहिए । 1– अपराधी के साथ कैसा व्यवहार करके उसको अपराध करने से रोका जा सकता है? 2– बालक का स्वभाव कैसा होता है और उसके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? 3– लेखक के अनुसार किन लोगों पर रोष का अधिकार नहीं है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–2	"पाजेब" की कहानी के रचनाकार का नाम तथा रचना का उद्देश्य क्या है?
प्रश्न–3	"पाजेब" की कहानी के अनुसार अपराध प्रवृति को कैसे जीता जा सकता है?
प्रश्न–4	आशुतोष की बुआ उसके लिये क्या लाई थी ?
प्रश्न–5	बतों बातों में लेखक को क्या पता लगा जिससे वह आशुतोष पर पायल चुराने का संदेह करने लगता है?
प्रश्न–6	"पाजेब" कहानी की दो विशेषताएँ लिखिए?
प्रश्न–7	आसुतोष निरपराध कब सिद्व हुआ ?

अध्याय–18 : अलोपी

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। अंधे का दुःख गूँगा होकर आया था, अतः सांत्वना देने वाले उसके हृदय तक पहुँचने का मार्ग ही न पा सकते थे। मेरे बोलते ही वह लज्जा से इस तरह से सिकुड़ जाता, मानो उसके चारो ओर ओलें बर रहे हो, इसी से विशेष कुछ कह–सुनकर उसका संकोचजनित कष्ट बढाना जैसे उचित न समझा। पर अपने अपराध से अनजान और अकारण दण्ड की कठोरता से अवाक् बालक जैसे अलोपी के चारो ओर जो अँधेरी छाया घिर रही थी उसने मुझे चिंतित कर दिया। 1– लेखिका चिंतित क्यों हो उठती थी? 2– अलोपी के मन की कौनसी पीड़ा का चित्रण हुआ है? 3– लेखिका के अनुसार अलोपी कौन था?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–2	"आज के पुरूष का पुरूषार्थ विलाप है।" लेखिका के इस कथन का क्या आशय है?
प्रश्न–3	अलोपी के चरित्र का प्रमुख गुण क्या था ?
प्रश्न–4	महादेवी के मन में अलोपी के प्रति कैसा भाव है?
प्रश्न–5	अलोपी कौन था? महादेवी वर्मा के साथ उसका परिचय किस प्रकार हुआ?
प्रश्न–6	महादेवी के समक्ष अलोपी ने क्या प्रस्ताव रखा था तथा वह अभूतपूर्व क्यों था?
प्रश्न–7	अपने विवाह से पूर्व अलोपी कैसा था तथा विवाह के बाद कैसा हो गया था ?

अध्याय–19 : सेव और देव

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। देवत्व की इतनी उपेक्षा । मानव नश्वर है, यह मर जाए और उसकी अस्थियों पर कीड़ें रेंगे, यह समझ में आता है लेकिन देवता पत्थर जड़ है, उसका महत्व कुछ नहीं । लेकिन मूर्ति तो देवता की है, देवत्व की चिरन्तनता की निशानी तो है । एक भावना है, पर भावना आदरणीय है। क्या यह मूर्ति यहीं पड़े रहने के काबिल है? इन कीड़ों के लिये जिनके पास श्रद्वा को दिल नहीं, पूजने को हाथ नहीं, देखने को आँख नहीं, छूने को त्वचा नहीं, टटोलने को ये हिलती हुई गन्दी मूँछे है..... यह मूर्ति कही ठिकाने से होती ! 1– वहाँ किसकी मूर्ति है? 2– कीड़ो के पास क्या नहीं थे? 3– मानव शरीर कैसा है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ऐसा जान पड़ता था कि अंधकार की कोख में चांदी का प्रवाह फूट पड़ा है– या प्रकृति नायिका की कजरारी आँखों से स्नेह गद्गद् आँसुओं की झड़ी–और उसके पार एक चट्टान के सहारें एक पहाड़ी राजपूत बाला खड़ी थी, उसकी चौंकी हुई भोली शक्ल से साफ दिखता था कि साहब का यहाँ अकस्मात् आ जाना उसे एकदम अनाधिकार–प्रवेश मालूम हो रहा है।। 1– नायिका की कजरारी आँखों में किसी झड़ी लगी हुई थी ? 2– अंधकार की कोख में क्या फूट पड़ा था? 3– राजपूत बाला किसके सहारे खड़ी थी तथा वह चौंकी हुई क्यों थी?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	"अज्ञेय" का पूरा नाम बताते हुए उनके दो प्रसिद्व उपन्यासों के नाम बताइए।
प्रश्न–4	म्नाली में दर्शनीय मन्दिर कौन–सा है? उसकी क्या विशेषताएँ है?
प्रश्न–5	"क्या मूर्ति यही पड़े रहने के काबिल है?" इस कथन से प्रोफेसर का क्या अभिप्राय है?
प्रश्न–6	प्रोफेसर कुल्लू पहाड़ की सुरम्य उपत्यकाओं में क्यों आए थे?
प्रश्न–7	प्रपात के फेन पर सूर्य कीरणों का पड़ता देखकर प्रोफेसर ने क्या सोचा?

अध्याय–20 : भक्ति आन्दोलन और तुलसीदास

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सामन्ती समाज के साहित्य की सबसे बड़ी कमजोरी होती है–निष्क्रियता। तुलसी का साहित्य निष्क्रियता का साहित्य नही है। धनुर्धर राम रावण का वध करने वाले पुरूषोतम है। तुलसी का साहित्य जीवन की अस्वीकृति का साहित्य नहीं है। वे उन लोगों का मज़ाक उड़ाते है जो काम क्रोध के भय के मारे रात को सो नही पाते। केवल राम का भक्त चैन से सो पाता है। 1– सामन्ती समाज के साहित्य की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है? 2– धनुर्धर राम ने किसका वध किया था ? 3– तुलसी किन–किन लोगों का मज़ाक उड़ाते है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । भक्ति आन्दोलन अखिल भारतीय सांस्कृतिक आन्दोलन था । इस आन्दोलन की श्रेष्ठ देन थी, तुलसीदास । उन्होंने पंथियों और सगुण मतावलम्बियों को एक किया । उन्होंने वैष्णवों और शाक्तों को मिलाया । उन्होंने भक्ति के आधार पर जन साधारण के लिये धर्म को सरल और सुलभ बनाकर पुरोहितों के धार्मिक अधिकार की जड़े हिला दी । तुलसीदास मानवीय करूणा के अन्यतम कवि है। उनके राम दीनबन्धु हैं। 1– भक्ति आन्दोलन कैसा आन्दोलन था? 2– भक्ति आन्दोलन की श्रेष्ठ देन क्या है और उन्होंने क्या किया था? 3– तुलसी के राम कौन थे?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	तुलसी युगीन साहित्यकार वर्तमान साहित्यकारों से किस प्रकार भिन्न है?
प्रश्न–4	तुलसीदास के काव्य का साहित्य तथा सामाजिक महत्व बताइये।
प्रश्न–5	राम विलास शर्मा ने तुलसी युग के साहित्यकारों" की क्या विशेषताएँ बताइ ह?
प्रश्न–6	भक्ति आन्दोलन और तुलसी काव्य की सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न–7	डॉ. राम विलास शर्मा ने तुलसी को भारत का श्रैष्ठ कवि क्यों माना है?

अध्याय–21 : संस्कारों और शास्त्रों की लड़ाई

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। अर्थशास्त्र संस्कारों के सीने पर चढकर गला दबा रहा है। इधर एक लड़के ने एक लड़की को उसकी इच्छा से भगाकर शादी कर ली। लड़का योग्य, सुन्दर और अच्छी नौकरी वाला । पहले लड़की की माँ के संस्कारों ने जोर मारा और उसने हाय तौबा मचाया। अर्थशास्त्र से यह बर्दाश्त नहीं हुआ। उसने संस्कारों को एक पटकनी दी। माँ ने सोचा, यह जो 15 हजार दहेज के लिये रखे थे, साफ बच गये। फिर 15 हजार में भी इतना अच्छा लड़का नहीं मिलता । उन्होंने कार्ड बांट कर दावत दे दी। 1– अर्थशास्त्र किसके सीने पर चढ़कर गला दबा रहा था? 2– माँ ने दहेज के लिए कितने रूपये रखे थे? 3– अर्थशास्त्र ने संस्कारों को पटकनी किस प्रकार दी?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–2	"मैं समझा, इसमें द्वन्दात्मक भौतिकवाद है।" द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद से क्या तात्पर्य है?
प्रश्न–3	"संस्कारों और शास्त्रों की लड़ाई" शीर्षक निबन्ध में व्यक्त लेखक के विचारों को संक्षेप में लिखिए।
प्रश्न–4	अर्थशास्त्र संस्कारों पर भारी पड़ता है। कैसे?
प्रश्न–5	"जिनकी हैसियत है, वे एक से ज्यादा बाप भी रख सकते है।" लेखक का आशय स्पष्ट कीजिए।
प्रश्न–6	मदर इन ला और सास में क्या फर्क है?

अध्याय–22 : भारत भी महाशक्ति बन सकता है।

प्रश्न–1	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये। यदि हम अपने इतिहास पर दृष्टि डाले तो पता चलता है, हमारा देश वही हिन्दुस्तान है जो पहले "सोने की चिड़िया" कहा जाता था । हमारे सारे प्राचीन ग्रन्थों में सुख–शान्ति, अकूल वैभव व ऐश्वर्य का वर्णन मिलता है। यह हमारा वैभव ही तो था जो विदेशी आक्रमणकारियों को हिन्दुस्तान की ओर आकर्षित करता था। पहले पहल आए सारे आक्रमणकारियों का एक मात्र उद्देश्य हिन्दुस्तान का लूटना ही था। हर बार प्रत्येक आक्रमणकारी अपने साथ बेहिसाब सोना, चाँदी, हीरे–मोती लूटकर ले गया। यह सत्य है कि मुहम्मद गजनवी सोमनाथ मन्दिर को लूटकर उसकी बेहिसाब सम्पदा को ले गया। भारत की चमक से चकित होकर अंग्रेज भारत आए, यहाँ की अपार सम्पदा को इंग्लेण्ड ले गए। 1– "सोने की चिड़िया" किस देश को कहा जाता था? 2– आक्रमणकारी किस उद्दश्य से भारत आए थे ? 3– हमारे प्राचीन ग्रन्थों में किस बात का वर्णन मिलता है?
प्रश्न–2	निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । हमारी जिस सम्पन्नता का वर्णन इतिहास में मिलता है वह कहीं से लूटकर तो नही लाए थे। सब कुछ अपने ही देश में उत्पन्न किया था । भूमि संसाधन वे आज भी हमारे पास है, जिनके बल पर हम फिर से उसी सम्पन्नता को अर्जित कर सकते है। केवल संसाधनों के उचित दोहन व अपनी आवश्यकता के अनुसार उपयोग करने की है। जैसे ही हम आवश्यक संतुलन बना लेंगे, हम अपना पूरा वैभव फिर से प्राप्त कर लेंगे। 1– भारत के पास ऐसी कौनसी सम्पदा है जो उसे विदेशो से अधिक सम्पन्न बना सकती है? 2– भारत अपनी पुरानी सम्पन्नता कैसे अर्जित कर सकता है? 3– आज भी हम जिस कारण अपनी सम्पन्नता अर्जित कर सकते है वह क्या है?
	लघूत्तरात्मक प्रश्न
प्रश्न–3	भारत की महाशक्ति और विश्वगुरू बनाने के लिये क्या करना चाहिए?
प्रश्न–4	भारत को "सोने की चिड़िया" क्यों कहा जाता था?
प्रश्न–5	परमाणु परिक्षण करने पर भारत पर लगाए गए वैश्विक प्रतिबन्धों का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा?
प्रश्न–6	भारत की प्राचीन शिक्षा पद्वति को किसने व कैसे तहस नहस किया?
प्रश्न–7	भारत अब भी महाशक्ति बन सकता है। कैसे समझाइये ?
प्रश्न–8	हमारे प्राचीन ग्रन्थों में किस बात का वर्णन है?

मंदाकिनी

अध्याय–1 : हिन्दी गद्य का विकास

प्रश्न–1	"संस्मरण" किसे कहते है?
प्रश्न–2	"रेखाचित्र" विधा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
प्रश्न–3	"रेखाचित्र" और "संस्मरण" में क्या अन्तर है?

अध्याय–2 : राष्ट्र का स्वरूप

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न–1	संस्कृति का अमिट भण्डार भरा हुआ है– अ) लोकगीतों व लोक कथाओं में ब) प्राकृतिक सौन्दर्य में स) जन–मानस में द) धर्म व विज्ञान ( )
प्रश्न–2	पृथ्वी को वसुन्धरा क्यों कहते हैं?
प्रश्न–3	समग्र राष्ट्र जागरण और प्रगति का एक समान उदार भाव से संचालित होना क्यों आवश्यक है?

अध्याय–3 : निर्वासित

प्रश्न–1	"निर्वासित" कहानी का कहानीकार है– अ) दीपबाला ब) वीरबाला स) सूर्यबाला द) राजबाला ( )
प्रश्न–2	माँ जी बच्चों को सुलाने के लिये कौन–कौनसी कहानी सुनाती थी?
प्रश्न–3	बड़े बेटे राजन के पास जाने को लेकर पड़ोसियों ने क्या कहा?

अध्याय–4 : हमारी पुण्य भूमि और उसका गौरवमय अतीत

प्रश्न–1	"हमारी पुण्य भूमि और उसका गौरवमय अतीत" किस महापुरूष के भाषण का अंश है– अ) स्वामी दयानन्द सरस्वती ब) स्वामी रामतीर्थ स) स्वामी अखण्डानन्द द) स्वामी विवेकानन्द ( )
प्रश्न–2	अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के प्रयास में आर्य जाति ने क्या–क्या प्रयास किये?
प्रश्न–3	पृथ्वी पर ऐसा देश जो मंगलमयी पुण्यभूमि का अधिकारी है, कौन है?

...

अध्याय–5 : डॉ. रामकुमार वर्मा से बातचीत

प्रश्न–1	डॉ. वर्मा की प्रथम कहानी थी– अ) परीक्षा ब) सुखद सम्मिलन स) पाजेब द) इनमें से कोई नहीं ( )
प्रश्न–2	डा. वर्मा के अनुसार कौन सा साहित्य वास्तव में साहित्य की संज्ञा से विभूषित होता है?
प्रश्न–3	हिन्दी रंग मंच के विकास में नाटककार के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–6 : सुभाषचन्द्र बोस

प्रश्न–1	मातृभूमि की सेवा का मंत्र सुभाष बाबू को किससे मिला– अ) गाँधी ब) तिलक स) नहेरू द) विवेकानन्द
प्रश्न–2	सुभाषचन्द्र ने सैनिको के लिये कौन से तीन आदर्श बतायें–
प्रश्न–3	"एंग्लो इंडियन स्कूल का भारतीय बच्चों के प्रति क्या दृष्टिकोण थे?

अध्याय–7 : सुभद्रा

